## न्यूज ब्रीफ

### हनीट्रैप में फंसाकर रुपये वसूलने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के एक अधिवक्ता ने एक युवती और उसके परिजनों पर हनीट्रैप में फंसाकर लाखों रुपये वसूलने व जातिसूचक शब्द कहकर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उससे अब तक करीब चार लाख रुपये ले लिए और हाल ही में तीन लाख रुपये की और मांग की। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने शिकायत पुलिस अधिकारियों से कर निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं आरोप है कि पुलिस ने बिना जांच के ही उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, जबकि घटना के समय वह एक कार्यक्रम में मौजूद थे और इसका सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। इसको लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से मिला और निष्पक्ष जांच की मांग की।

### स्पेशल गाड़ियों के संचालन समय में विस्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के लिए मुरादाबाद मंडल में संचालित होली स्पेशल गाड़ियों की समयावधि बढ़ा दी गई है। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 04014 आनंद विहार टर्मिनल–लोकहा बाजार स्पेशल के संचालन की तारीख अब 10 मार्च से 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। इसके अलावा 04013 लोकहा बाजार–आनंद विहार टर्मिनल को सात मार्च तक की बजाय 11 से 16 मार्च तक चलाया जाएगा। यह गाड़ियां मुरादाबाद, बरेली होकर संचालित होंगी।

### किशोरी आत्महत्या में पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर में किशोरी के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रुस्तमपुर गांव में 5 मार्च को 16 वर्षीय किशोरी का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। गांव रुस्तमपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही अतुल कुमार उसकी नाबालिग बेटी के साथ आए दिन छेड़छाड़ करता था। आरोप है कि छेड़छाड़ से परेशान होकर उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली थी। शिकायत करने पर धमकाया था। पुलिस ने तहरीर अतुल कुमार, सर्वेश और गौतम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चालक भर्ती के लिए रोजगार मेला 17 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में 300 पदों पर संविदा चालकों की भर्ती के लिए 17 मार्च को रोजगार मेला लगेगा। इच्छुक अभ्यर्थी क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय लाजपत नगर में आयोजित मेले में शामिल हो सकते हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग गुप्ता ने बताया कि न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास है। भारी वाहन चलाने का लाइसेंस कम से कम दो वर्ष पुराना होना आवश्यक है। आयु न्यूनतम 23 वर्ष 6 माह तथा अधिकतम 58 वर्ष निर्धारित की गई है। दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति, शैक्षिक प्रमाण पत्र व लाइसेंस के साथ उपस्थित होना होगा। अवकाश, प्रोत्साहन राशि, ईपीएफ सुविधा तथा दुर्घटना बीमा का लाभ भी दिया जाएगा। प्रथम चरण में ट्रेड टेस्ट में सफल को द्वितीय टेस्ट के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड रिसर्च सेंटर, शाहदरा (दिल्ली) भेजा जाएगा।

# जामा मस्जिद के इमाम ने सरकारी भूमि पर बनाये मस्जिद, दरगाह व मकान... चलेगा बुलडोजर

## इमाम व उनके भाई पर लगाया गया 7 करोड़ का जुर्माना, तहसीलदार न्यायालय ने दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल-चंदौसी मार्ग स्थित ग्राम सैफ का सराय में दो बीघा भूमि पेड़ लगाने को की थी आरक्षित

**अमृत विचार :** संभल में सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के बीच शाही जामा मस्जिद के इमाम और उनके भाई द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे कर दरगाह, मस्जिद व मकान निर्माण कर लेने का मामला सामने आया है। प्रशासन ने मुख्य मार्ग के किनारे की इस दो बीघा सरकारी भूमि से कब्जा हटाने का आदेश जारी करने के साथ ही इमाम व उनके भाई पर करीब सात करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

प्रशासन के अनुसार संभल-चंदौसी मार्ग स्थित ग्राम सैफ का सराय में गाटा संख्या 452 की करीब दो बीघा भूमि चकबंदी प्रक्रिया के दौरान पेड़ लगाने के लिए आरक्षित की गई थी। वर्ष 1972 में तहसीलदार कार्यालय द्वारा इस भूमि को ग्राम समाज की भूमि घोषित कर दिया गया था। आरोप है कि इसी सरकारी भूमि पर जामा मस्जिद के इमाम आफताब हुसैन वारसी और उनके भाई मेहताब हुसैन ने मकान, मस्जिद और दरगाह बनाकर कब्जा कर लिया। छह माह पहले लेखपाल राहुल धारीवाल ने मामले की जांच करते हुए अवैध कब्जे की रिपोर्ट तैयार की और धारा 67 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित करते हुए तहसीलदार कार्यालय को भेज दी थी। इसके बाद तहसीलदार न्यायालय में मामले की सुनवाई शुरू हुई।

तहसीलदार ने इमाम आफताब हुसैन वारसी व उनके भाई मेहताब हुसैन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। नोटिस मिलने के बाद आफताब हुसैन वारसी ने उच्च



इसी निर्माण को हटाकर सात करोड़ जुर्माना अदा करने के जारी हुए हैं आदेश।

न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन वहां से उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। इसके बाद तहसीलदार न्यायालय में मामले को खारिज कराने के लिए अपील दायर की गई। सात मार्च को हुई अंतिम सुनवाई के बाद तहसीलदार न्यायालय ने अवैध कब्जा हटाने का आदेश जारी कर दिया। सुनवाई के दौरान जामा मस्जिद इमाम व उनके भाई की ओर से कहा गया कि भूमि पर उनका कब्जा अंग्रेजों के समय से चला आ रहा है। इस भूमि को वक्फ संपत्ति भी घोषित किया जा चुका है। हालांकि इस तर्क को खारिज कर प्रशासन कर दिया कि अवैध कब्जा बनाए रखने के उद्देश्य से ही भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित कराया गया था।

### सरकारी रिकार्ड में है ग्राम समाज की भूमि

तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि ग्राम समाज की है और कभी किसी व्यक्ति के नाम दर्ज नहीं रही। धारा 67 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित पक्ष को सभी साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया गया था, लेकिन प्रस्तुत साक्ष्य संतोषजनक नहीं पाए गए। इसके बाद सात मार्च को बेदखली का आदेश जारी करते हुए दोनों पर सात करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आदेश के खिलाफ अपीलीय न्यायालय में अपील की जा सकती है। यदि अपील नहीं की जाती या अपील खारिज हो जाती है तो प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को हटाया जाएगा। जिले में सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# खाड़ी में चल रहे युद्ध से रामपुर के निर्यातकों में बढ़ी चिंता



बैठक में मौजूद आईआईए से जुड़े उद्यमी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- आईआईए से जुड़े उद्यमियों ने बैठक कर किया मंथन

**अमृत विचार :** अमेरिका इसराइल और ईरान के बीच पिछले कई दिनों से चल रहे युद्ध से निर्यातकों में चिंता की बढ़ हुई है। सोमवार को आईआईए से जुड़े निर्यातकों एवं उद्यमियों की एक बैठक सदस्य खूब चंद गुप्ता के निवास पर हुई। उद्यमियों ने इस आपातकाल में सरकार के स्टैंड का समर्थन किया।

चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने कहा कि निर्यातकों को सरकार पर पूरा भरोसा है। सरकार एवं प्रशासन ने भरोसा दिया है कि पेट्रोलियम पदार्थ की कमी नहीं है। बताया कि निर्यातकों का माल समुद्री मार्ग बंद होने के कारण रास्ते में अटक गए है। कार्गो कंपनियों ने फ्रेट बाधा दिए है और ईडब्लूएस इमरजेंसी ने वॉर सरचार्ज लगाने शुरू कर दिए है, जो कि 2000 डॉलर प्रति 20 स्कवायर फिट है। अधिकतर निर्यातकों का माल एफओआर जाता है। इंश्योरेंस कंपनियों ने रिस्क के चलते हाथ खड़े कर दिए है। आयातकों ने आर्डर होल्ड पर लगा दिए है। ईंधन के दाम बढ़ सकते है। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि शीघ्र ही युद्ध बंद हो। जनता से पैनिक न होने का आग्रह किया गया और बे-जरूरत पेट्रोल डीजल का स्टॉक न करने का आह्वान किया। बैठक में वरिष्ठ निर्यातक एस के गुप्ता, कपिल आर्य, रमेश अग्रवाल, विपिन कुमार, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, उद्यमी राजू गुप्ता, दिलीप रस्तोगी, विनीत कुमार, वीवी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# होली में रेलवे ने 19 करोड़ से अधिक राजस्व कमाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- यात्रियों की बढ़ी संख्या ने रेलवे को काफी मुनाफा पहुंचाया

**अमृत विचार :** होली के दौरान यात्रियों की बढ़ी संख्या ने रेलवे को काफी मुनाफा प्रदान किया है। मंडल के रेलवे स्टेशनों से इस बार होली में 10,73,850 यात्रियों ने टिकटों की बुकिंग कराई गई। जिससे रेलवे को 19 करोड़, 13 लाख 29 हजार 551 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि मंडल के स्टेशनों से होली के दौरान पिछले साल की तुलना में अधिक यात्रियों ने टिकटों की बुकिंग कराई है। पिछले साल होली पर 10,06,673 यात्रियों ने टिकटों की बुकिंग कराई थी, जबकि इस साल 10,73,850 यात्रियों ने टिकटों की खरीद की। जिससे मुरादाबाद रेल मंडल को अधिक राजस्व मिला। उन्होंने बताया कि इस बार रेलवे को होली के दौरान मंडल के स्टेशनों पर टिकटों की बिक्री और आरक्षित टिकटों से 19 करोड़, 13 लाख, 29 हजार और 551 रुपये का रेल राजस्व प्राप्त हुआ है। जो पिछले साल की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है।

यात्रियों को त्योहार के दौरान सुगम रेल यात्रा के लिए 80 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। होली के बाद यात्रियों की वापसी के लिए मार्च और अप्रैल में भी गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। स्पेशल ट्रेनों के अलावा अन्य कई गाड़ियों में अतिरिक्त कोच भी लगाया गया है। यात्रियों से अपील है कि वह अधिकृत माध्यमों से ही टिकटों की बुकिंग कराएं। सहायता या शिकायत के लिए 139 या रेल वन ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

नगर के एक मोहल्ला निवासी दिनेश कुमार (24) ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों के अनुसार विवार की देर रात एक अज्ञात व्यक्ति का उनके पास फोन आया। उसने बताया कि दिनेश ने किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया है। सूचना पाकर स्वजन घटनास्थल पर पहुंच गए और दिनेश को रुद्रपुर उत्तराखंड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि वहां उपचार के दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि यह घटना अभी उनके संज्ञान में नहीं आई है। अगर कोई तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई होगी।

# रेलवे स्टेशन के पास खंडहर में मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गले पर निशान देख परिजनों ने जताया हत्या का शक
- जीआरपी और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन की जीआरपी चौकी रामतलैया के पास स्थित एक खंडहर में युवक का शव मिला। सूचना पर जीआरपी थानाऔर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल व शव की जांच की गई। जांच में युवक के नाक से खून आने की बात कही गई। युवक संभल के हातिम सराय मोहल्ले का बताया जा रहा है। परिजनों ने शव को देख हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक सोनू।

सोमवार को जीआरपी थाना के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास एक खंडहर में युवक का शव मिला है। युवक के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। जीआरपी ने पूरे मामले की जानकारी की है। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पहचान सोनू पुत्र भागवत सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से जनपद संभल के थाना नखासा क्षेत्र के हातिम सराय होली चौक का रहने वाला बताया गया है। सोनू पिछले करीब दस वर्षों से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में पानी बेचता था और कांशीराम नगर क्षेत्र में किराये के मकान में रहता था। सूचना मिलने पर पहुंचे छोटे भाई मोनू ने बताया कि भाई के गले पर निशान बने हुए थे, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। उन्होंने गंभीरता से जांच कराने की मांग की है। पुलिस ने मौके से एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के अलावा स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।



घटनास्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

### असद हत्याकांड में मुख्य आरोपी अब तक फरार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी क्षेत्र में 27 फरवरी को हुई असद की हत्या के मामले में अब तक पुलिस मुख्य आरोपी और उसके दोनों बेटों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। इनमें एसओजी टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। लेकिन आरोपी का पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। हत्यारोपी तीनों पिता पुत्र पुलिस से आगे चल रहे हैं। पुलिस जहां दबिश देती है वह पहले ही गायब हो जाते हैं। थाना नागफनी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि लगातार छापेमारी की जा रही है। पीड़ित के घर पर भी घटना के बाद से ही पुलिस सतर्कता बढ़ाई गई है।

# कुष्ठ रोग खोजी अभियान, 2787 टीमें करेंगी घर-घर सर्वे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीएमओ ने जागरुकता वाहन को दिखाई हरी झंडी, 23 मार्च तक चलेगा अभियान

**अमृत विचार :** जिले में छिपे हुए कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उनका समय पर इलाज कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान शुरू की है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मार्च तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की शुरुआत सोमवार को सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने अपने कार्यालय परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया।

उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग इलाज योग्य बीमारी है, लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में लोग बीमारी को छिपाते हैं। ऐसे में इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में छिपे हुए कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें



जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह।

समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। लोगों से अपील की कि जब विभाग की टीम घर पर सर्वे के लिए पहुंचे तो उनका सहयोग करें और किसी भी लक्षण की जानकारी जरूर दें। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि टीमें कुष्ठ रोग से संबंधित लक्षणों की जानकारी भी देंगी। यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण मिलते हैं तो उसका तुरंत पंजीकरण कर उपचार शुरू कराया जाएगा।

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के लिए जिले में में 2787 टीमों का गठन किया गया है। इनमें से 2735 टीमें सामान्य आबादी के बीच सर्वे करेंगी, जबकि 52 विशेष टीमें घुमंतु आबादी, जेल, आवासीय विद्यालयों, वृद्धाश्रमों और ईंट-भट्टों जैसे स्थानों पर जाकर जांच करेंगी। इसके अलावा पांच टीमों पर निगरानी रखने के लिए एक सुपरवाइजर तैनात किया गया है।

इस कार्य के लिए कुल 535 सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है, जो अभियान की नियमित निगरानी करेंगे। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास कुमार, डीपीएम रघुवीर सिंह, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार, अर्बन हेल्थ के लोकेश शर्मा, पैरामेडिकल वर्कर दानवीर सिंह, रामानंद बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# एआई से शिक्षा, इंडस्ट्रीज में बढ़ी संभावनाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** टीएमयू के एफओई और सीसीएसआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व जनरेटिव एआई पर पांच दिनी कार्यशाला हुई। इसमें गुरुग्राम के एडुनेट फ़ाउंडेशन के एक्सपर्ट ट्रेनर्स अमन श्रीवास्तव और दृष्टि ने अपनी जानकारी साझा की।

गुरुग्राम के एक्सपर्ट ट्रेनर अमन श्रीवास्तव ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह कार्य संस्कृति और ज्ञान व्यवस्था को पूरी तरह बदलने वाली भावी शक्ति है। एआई आधारित उपकरणों से शिक्षा, शोध और उद्योग के अनेक क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं। एक्सपर्ट ट्रेनर दृष्टि बोलीं, जनरेटिव एआई, बड़े



कार्यशाला में एआई के बारे में जानकारी देते एक्सपर्ट अमन श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

- टीएमयू में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व जनरेटिव एआई पर कार्यशाला

भाषा मॉडल तथा एआई एजेंट जैसी तकनीकों के माध्यम से शिक्षण और अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रचनात्मक बनाया जा सकता है। डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा, वर्तमान समय में एआई शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग के क्षेत्र में तीव्र परिवर्तन ला रही है। शिक्षकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि वे नई डिजिटल तकनीकों को समझें। संचालन डॉ. रूपल गुप्ता ने किया। इस दौरान सीसीएसआईटी के एचओडी प्रो. शंभु भारद्वाज, डॉ. रूपल गुप्ता, हरजिंदर सिंह, अजय चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ ने बिहार के मौलाना का पुतला फूंका, प्रदर्शन कर नारेबाजी

संवाददाता, स्वार

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर जताया विरोध

**अमृत विचार:** बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की माता के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में सोमवार को विश्व हिंदू महासंघ युवा मोर्चा ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजने के साथ ही नगर में पैदल मार्च निकालकर नारेबाजी की और मौलाना का पुतला फूंका।

विश्व हिंदू महासंघ युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सुबह करीब साढ़े दस बजे बिलासपुर तिराहे पर पहुंचे। वहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भेजकर मौलाना के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर से पैदल मार्च शुरू किया और बिलासपुर तिराहे पर पहुंच कर कार्यकर्ताओं ने मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पुतला फूंककर



स्वार में मौलाना पुतला फूंकने जाते विश्व हिंदू महासंघ के लोग। ● अमृत विचार

विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य है।

उन्होंने बिहार सरकार से मामले में उचित कार्रवाई और कड़ी सजा की मांग उठाई। इस दौरान राकेश चंद्रा, रामोतार, विजय सिंह, उमेश नाथ, आकाश कुमार, संजय, सतीश, मोहित, अरुण कुमार, अनिकेत,, सुनील कुमार, अनिल कुमार सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक | 50 लाख रुपए से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजना की समीक्षा बैठक

# उद्यान अधिकारी की जगह पहुंचे निरीक्षक, डीएम ने बाहर निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और जल्द हैंडओवर देने के निर्देश

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजना की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिला उद्यान अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उनकी जगह आए उद्यान निरीक्षक को डीएम ने बैठक से बाहर कर दिया और उद्यान अधिकारी को उपस्थित होने का निर्देश दिया।

डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। कार्य की गुणवत्ता खराब होने और मानक के अनुसार न होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए फिर से निर्माण कराने की चेतावनी दी। कहा कि निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी उपकरण सहित जाकर प्रोजेक्ट की जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराए। निर्देश दिया कि 5 करोड़ से ऊपर के हर प्रोजेक्ट की निर्माण गुणवत्ता की



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

जांच के लिए जरूरी लैब भी स्थापित की जाए। यूपीसीएलडीएफ द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा का सुदृढ़ीकरण का कार्य 70 प्रतिशत होने पर प्रगति बढ़ाकर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर का सुदृढ़ीकरण कार्य पिछले महीने पूरा करने के आश्वासन पर भी 85.33 प्रतिशत प्रगति पर नाराजगी जताई।

ग्रामीण अभियंत्रण द्वारा कस्तूरबा बालिका ठाकुरद्वारा में एकेडमिक ब्लाक एवं छात्रावास भवन निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 45 प्रतिशत होने पर अधिशासी अभियंता से नाराजगी जताई। कहा कि जेई से बात कर कार्य की प्रगति बढ़ाएं। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा बिलारी में ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम निर्माण, गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र के प्रशासनिक भवन, छात्रावास भवन एवं अन्य भवन निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर जल्द पूरा कर हैंडओवर करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंधक मौजूद रहे।

### श्रमिकों, लघु व्यापारियों को मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और लघु व्यापारियों को सरकार सामाजिक सुरक्षा देगी। इसके लिए पंजीकरण कराना जरूरी होगा। इसमें पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और लघु व्यापारियों को नियमों के पालन में पात्रता के आधार पर 60 वर्ष की आयु पर 3000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना और प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के पात्र श्रमिकों एवं व्यापारियों का पंजीयन कराया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में पंजीयन हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 मार्च तक पंजीयन होगा। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होंगे जिनकी मासिक आय रुपये 15,000/- या उससे कम है और जो आयकरदाता या ईपीएफ. ईएसआई अथवा एनपीएस के सदस्य नहीं है। इसके अन्तर्गत रिक्शा चालक, फेरीवाले, घरेलू कामगार, मिड-डे-मील, ईट भट्ठा मजदूर, निर्माण श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, खेतिहर मजदूर, हथकरघा, बीड़ी, चमड़ा उद्योग से जुडे कामगार, आंगनवाडी कार्यकत्री, आशा सहित अन्य असंगठित कर्मकार शामिल हैं। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के अन्तर्गत 18 से 40 आयु वर्ग के 1.5 करोड से कम वार्षिक टर्नओवर वाले लघु व्यापारी शामिल हो सकते है। दोनों में पंजीकरण के लिए आयु वर्ग के अनुसार 55 से 200 रुपये तक का मासिक अंशदान करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। जबकि मृत्यु होने पर पति या पत्नी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन मिलेगी। जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से पंजीयन कराया जा सकता है। लाभार्थी स्वयं भी https://mandhan.in पोर्टल पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर और नामिनी का विवरण होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप श्रमायुक्त जिला पंचायत परिसर कोर्ट रोड मुरादाबाद से संपर्क कर सकते हैं।



**इफ्तार** 10 मार्च
सुन्नी : 6 :23
शिया : 6 :34

**सहरी** 11 मार्च
सुन्नी : 5 :06
शिया : 5 :01

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : नेकी करो, जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करो।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड हाईस्कूल की चित्रकला, रंजनकला की परीक्षा सुबह 8 :30 बजे
- सीबीएसई हाईस्कूल की एलीमेंट्स आफ बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी की परीक्षा सुबह 10 :30 बजे
- सीबीएसई : इंटर की लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस विषय की परीक्षा सुबह 10 :30 बजे
- हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हुल्का माता मंदिर पर चुन्नी चढ़ाने का कार्यक्रम 11 :00 बजे
- दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद की ओर से होली मिलन कार्यक्रम एसपी गुप्ता सभागार में दोपहर 2 :00 बजे

# करोड़ों खर्च, फिर भी आरआरसी सेंटर बंद तो कहीं खंडहर में तब्दील

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने कचरा प्रबंधन केंद्र खत्म होने की कगार पर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों को कूड़ा प्रबंधन से आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बनाने की योजना दम तोड़ रही है। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत बनाए गए रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) कई जगह इस्तेमाल से पहले ही खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। सेंटर घास-फूस में दब गए हैं, तो कहीं उनकी दीवारें गिरने लगी हैं, तो कुछ जगहों पर इन भवनों का ताला आज तक नहीं खुला है।

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के दूसरे चरण के तहत वर्ष 2020-21 में बने आरआरसी सेंटरों की हकीकत की पड़ताल करने पर पता चला कि पंचायत राज विभाग के जिम्मेदार इस योजना के प्रति कितने गंभीर हैं। तीन गांवों अबावकरपुर, इस्लाम नगर और काफियाबाद में बने एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी सेंटर) कागजों तक सिमटे रहे। अबावकरपुर गांव के बाहर बने आरआरसी सेंटर का गेट खुला था। उसके अंदर बने शीशा कांच, लोहा, कागज कपड़ा थर्माकोल के खाने की दीवार टूटी थी। वहीं खाद्य बनाने के बनाए गड्ढों में घास उगी थी। वहीं इस्लामनगर गांव में के बाहर राजू कुमार के मकान के समीप बने आरआरसी सेंटर में ताला लगा था। वहीं गड्ढों में गोबर रखा था। राजू ने बताया कि सफाई कर्मचारी अपनी झाड़ू और अन्य उपकरण रखता है, गांव का कूड़ा नहीं आता है। काफियाबाद गांव में आरआरसी सेंटर जंगल में बंद पड़ा था। इन सबके बावजूद पंचायती राज विभाग की ओर से स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के पांचवें चरण में ठोस कचरा प्रबंधन को मजबूत करने के दावे किए जा रहे हैं।



इस्लामनगर गांव में आरसी सेंटर के कंपोजिट खाद के टीन शेड में ग्रामीणों के बंधे जानवर। ● अमृत विचार





अबावकर पुर गांव में टूटी पड़ी सर आर आर सी सेंटर की दीवारें।

### आय बढ़ाना था उद्देश्य

योजना का उद्देश्य गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देना और कचरे से आय का स्रोत तैयार करना था, जिससे ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर बन सकें। लेकिन छह वर्ष बीतने के बाद भी जिले में बने 643 आरआरसी सेंटरों में आधे भी सक्रिय नहीं हुए। एक आरआरसी सेंटर के निर्माण पर ढाई से चार लाख रुपये तक खर्च किए गए थे।

> सही तरीके से संचालन का निर्देश दिया गया था। जिससे ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। जिला पर्यवेक्षण अधिकारी की देखरेख में संचालित करना होता है। यदि कहीं संचालन नहीं हो रहा है या खराब हाल में है तो कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। बंद आरआरसी सेंटर ठीक कराए जाएंगे। – **अभय कुमार यादव**, उप निदेशक पंचायत राज



इस्लाम नगर गांव में बंद पड़ा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र।

# इंटीग्रेशन, प्रॉबेबिलिटी के प्रश्नों में लगा समय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीबीएसई की सोमवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की गणित विषय की परीक्षा हुई। कुल 1848 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1811 शामिल हुए और 37 अनुपस्थित रहे।

- **परीक्षा के लिए पंजीकृत 1848 में से 1811 विद्यार्थी रहे उपस्थित**

परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने पेपर को मिला जुला बताया। कुछ प्रश्न अपेक्षाकृत सरल थे, जबकि कुछ ने छात्रों को थोड़ा सोचने पर मजबूर किया। छात्र अंकित कुमार ने बताया कि डिफरेंशिएशन और मैट्रिक्स से जुड़े प्रश्न अपेक्षाकृत सरल रहे। नेहा ने बताया कि इंटीग्रेशन और प्रॉबेबिलिटी के कुछ प्रश्न थोड़े जटिल लगे, जिन्हें हल करने में समय अधिक लगा। विद्यार्थियों के चेहरे पर संतोष दिखाई दिया।



केसीएम परीक्षा केंद्र से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देकर निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## पेपर अच्छा न हो तो न घबराएं, बाकी विषयों में करें सुधार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अभी कई महत्वपूर्ण विषयों की बोर्ड परीक्षाएं बाकी हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र का कोई पेपर उम्मीद के अनुरूप नहीं हो पाया है तो घबराने की जरूरत नहीं है। बेहतर तैयारी कर संतुलन बनाकर बेहतर नंबर हासिल कर सकते हैं।

यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं चल रही हैं। अभी कई ऐसे विषयों के पेपर बाकी हैं, जिनमें बेहतर प्रदर्शन कर छात्र कुल प्रतिशत को सुधार सकते हैं। यूपी बोर्ड में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग, संगीत (वोकल), संस्कृत और अन्य वैकल्पिक विषयों की परीक्षाएं शेष हैं। सीबीएसई में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कई स्किल विषयों की परीक्षाएं अभी होनी हैं। इनमें भाषा से जुड़े विषयों के साथ अकाउंटेंसी भी शामिल है। इसके अलावा अंग्रेजी, गृहविज्ञान, हिंदी, अर्थशास्त्र, इतिहास, बिजनेस स्टडीज, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस और समाजशास्त्र जैसे मुख्य विषयों के पेपर भी आगामी दिनों में होंगे। वहीं, आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं में भूगोल, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की परीक्षाएं और कक्षा 12वीं में फिजिक्स, बिजनेस स्टडीज, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर साइंस और भूगोल की परीक्षाएं होनी हैं। गांधी नगर पब्लिक स्कूल के शिक्षक दर्पण सहगल का कहना है कि छात्रों को अब डेटशीट देखकर पढ़ाई की स्पष्ट रणनीति बनानी चाहिए। कठिन विषयों को अधिक समय दें, रोज रिवीजन करें और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करें। इतिहास में अच्छे अंक प्राप्त करने का बेहतर अवसर होता है। छात्रों को पुराने प्रश्नपत्र के आधार पर तैयारी करनी चाहिए।



दर्पण सहगल।

# 169 परीक्षार्थियों ने नहीं दी उर्दू, भाषा की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **परीक्षा केंद्र से बाहर आकर विद्यार्थियों ने पेपर को बताया सामान्य**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार को भी हुईं। पहली पाली में हाईस्कूल के विद्यार्थियों की उर्दू विषय की परीक्षा कराई गई। 1990 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1877 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 113 अनुपस्थित रहे।

इसी पाली में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की भाषा विषय की परीक्षा कराई गई। इसके लिए 684 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 628 उपस्थित हुए, जबकि 56 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के व्यावसायिक वर्ग के विभिन्न विषयों की परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा में कुल 791 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से 762 उपस्थित रहे, जबकि 29 परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा देकर बाहर निकले हाईस्कूल के छात्र मोहम्मद अयान ने बताया कि उर्दू का पेपर काफी हद तक सिलेबस के अनुसार आया था और अधिकतर प्रश्न आसान थे। वहीं इंटरमीडिएट की छात्रा कोमल ने बताया कि भाषा का प्रश्नपत्र संतुलित था। केंद्रों पर सुरक्षा और शुचिता बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी की गई।

डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि किसी भी केंद्र से कोई परीक्षार्थी अनुचित साधन का उपयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया।

## 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ज़िला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया ने बताया कि 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत होटल, छात्रावासों और भोजनालयों में भोजन पकाने और परोसने वाले, मेडिकल कॉलेज के छात्रों, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और कर्मचारियों में टीबी रोगी की खोज की जा रही है। क्षयरोग विभाग की टीमें होटल, छात्रावासों, मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में जाकर लक्षणों के आधार पर रोग की स्क्रीनिंग मशीनों से जांच कर रही हैं।

# जीवित नदियां ही संस्कृति और सभ्यता की द्योतक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में बोले जलपुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह**

**अमृत विचार :** जल पुरुष (वाटरमैन आफ इंडिया) डॉ. राजेंद्र सिंह सोमवार को सीएल गुप्ता आईं इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को जल की आवश्यकता संरक्षण, संवर्धन और महत्व पर जानकारी दी।

जलपुरुष ने कहा कि भूमि, गगन, वायु,आकाश और नीर ही भगवान है। इन पंच महाभूतों से ही सृष्टि का सृजन हुआ है। शास्त्रों में इन्हें देवता कहा गया है। विश्व में जल संकट के चलते युद्ध हो रहे हैं। कहा कि भारत पर भगवान की विशेष कृपा है, यहां कुछ अपवादों को छोड़कर सभी राज्यों में पर्याप्त वर्षा होती है। गंगा को मां कहते हैं लेकिन वह केवल धार्मिक दृष्टि से व्यवहार से नहीं मानते। सरकार को चाहिए कि गंगा के जल को प्रथम श्रेणी का बनाकर उसके औषधि गुणों से मानवता की रक्षा करें। उन्होंने जल रक्षा के लिए राजस्थान के मांगू काका को अपना गुरु बताया। इस दौरान सरदार गुरुविंदर सिंह, गरिमा सिंह, ज्ञानेंद्र गांधी, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, रवि टंडन, संजीव वर्मा, नैपाल सिंह पाल, रविता पाल, गीतांजलि पाण्डेय, रवि यदुवंशी, पर्वतारोही मनोज कुमार, कपिल कुमार प्रिंस, आदित्य राघव रस्तोगी, सृष्टि अधिकारी संदीप खन्ना दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते जलपुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह।

## न्यूज डायरी



### वेतन विसंगतियों के विरोध में 25 मार्च को मनाएंगे काला दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक सोमवार को कोषागार कार्यालय के पेंशनर्स कक्ष में हुई। अध्यक्षता कर रहे प्रेम प्रकाश सक्सेना ने बताया कि 8वें वेतन आयोग को लागू करने से पहले 18 सवालों की एक प्रश्नावली जारी की गई है। लेकिन इसमें 200 शब्दों की सीमा निर्धारित की गई है। हमारी आयोग से मांग है कि पेंशनरों को अपनी बात रखने के लिए शब्दों की सीमा में न बांधा जाए। संचालन कर रहे परिषद के सचिव यश कुमार त्यागी ने बताया कि पिछले साल 25 मार्च को भारत सरकार ने संसद में बिना चर्चा किए बैलिडेशन एक्ट/पेंशन बिल पास कर पेंशनरों के हितों की अनदेखी की थी। सरकार ने पेन्शनधारकों के बीच तिथि के आधार पर भेद पैदा करने का अधिकार प्राप्त कर लिया था। बिल की मंशा के अनुरुप 3 नवम्बर को गठित 8वें वेतन आयोग के विचारार्थ ( टीओआर ) पेंशन एवं पेन्शनरों को लाखों में शामिल नहीं किया गया है। इससे पुरानी पेन्शन का मूल स्वरूप समाप्त हो जाएगा। 25 मार्च को इसेलेकर काला दिवस मनाया जाएगा। सर्वसम्मति से शैलेन्द्र कुमार त्यागी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में राशिकरण की वसूली 15 वर्ष से 12 वर्ष करने पर जोर दिया गया। इस दौरान दिनेश कुमार शर्मा, पीएस गिल, मालती देवी, इन्द्र कुमार सोती, विजय कुमार सक्सेना, नरेश चन्द्र, राम सरन, महिपत सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### नगर क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों द्वारा एमडीएम बनवाने पर हो पुनर्विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष डॉ. ऋतु त्यागी के नेतृत्व में सहायक शिक्षा निदेशक( एडी बेसिक) द्वादश मंडल बुद्धप्रिय सिंह और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। इसमें नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा मध्यान्ह भोजन विद्यालय स्तर पर बनवाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। संघ की जिलाध्यक्ष ने बताया कि नगर क्षेत्र के अधिकांश वार्ड पार्षदों ने मध्यान्ह भोजन निधि के खातों के संचालन में असमर्थता जताई है। जिससे व्यवस्था क्रियान्वयन में व्यावहारिक कठिनाई आ रही है। नगर क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से भी असुविधा हो रही है। यदि विद्यालय स्तर पर मध्यान्ह भोजन बनवाने की अतिरिक्त जिम्मेदारी शिक्षकों पर आएगी तो शिक्षण कार्य प्रभावित होगा। इस दौरान संघ की नगर अध्यक्ष आयशा नूर, नगर महामंत्री तनुषी मित्तल, रत्नेश बाला, पूनम सक्सेना, ऊषा, नमिता गुप्ता, गीता केड़ा, गीता करल, पिंकी भाटिया, प्रज्ञा गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

### जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, सौरभ ठाकुर समर्थकों सहित हिरासत में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नई दिल्ली के जंतर–मंतर पर आठ मार्च को यूजीसी के कानून के विरोध में देशव्यापी प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व मुरादाबाद निवासी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के उत्तर प्रदेश प्रभारी सौरभ ठाकुर ने की। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने सरकार को चेतावनी दी। कहा कि किसी भी कीमत पर सामान्य वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने सौरभ ठाकुर को उनके समर्थकों सहित हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें विभिन्न स्थानों पर ले जाने के बाद महरौली थाने पहुंचाया गया। देर शाम पुलिस ने उन्हें रिहा कर दिया। आंदोलन में प्रदेश के मुरादाबाद, बिजनौर, संभल, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, हरदोई, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बस्ती, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों से लोग शामिल हुए। मुरादाबाद से मंडल अध्यक्ष कविश राणा, सार्थक राघव, दीप सौरभ सिंह, अंकुर सिंह, रजत सिंह और सिद्धांत सिंह सहित आदि कार्यकर्ता प्रदर्शन में मौजूद रहे।

### बच्चों का कराया गया रोजा इफ्तार, अमन-चैन की मांगी दुआ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रमजान माह के दौरान महानगर के शायर मरहूम जिया शादानी के चक्कर की मिलक स्थित आवास पर छोटे बच्चों के लिए रोजा इफ्तार आयोजित किया गया। बच्चों ने रोजा खोलकर अपने रब के सामने हाथ उठाए और मुल्क व दुनिया में अमन–चैन की दुआ मांगी। बच्चों ने जिया शादानी और उनकी अहिल्या मरहूमा की मगफिरत के लिए भी दुआ की। अदनान जिया ने बताया कि बीते कई वर्षों से बच्चों का रोजा इफ्तार कराया जा रहा है और यह परंपरा आगे भी इसी तरह जारी रहेगी। इस मौके पर कामरान जिया, सय्यद अदनान, डॉ. कमाल, मोहम्मद आजम, सादिया जिया, फैजूल आजम, सीमा, रुबा कामरान, राइमा फजाईला, उतरुबा आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण बैंक के कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त बनाने पर दिया जोर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के ठाकुरद्वारा क्षेत्रीय कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण व समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें यौन उत्पीड़न शिकायत समिति यूपी की सदस्य डॉ. संगीता चौधरी मुख्य अतिथि रहीं। जबकि बैंक की सेवानिवृत्त सीनियर मैनेजर वंदना भाटिया विशिष्ट अतिथि रहीं। अतिथियों ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान ,समाज और कार्यस्थल पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप मोहन दीक्षित ने की। महिला कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय से मोनिका ( वरिष्ठ प्रबंधक ), ऋतिका वैश्य (प्रबंधक), प्रज्ञा यादव, नितिशा, स्वयं सहायता समूह की समूह सखी परवीन जहां आदि की मौजूदगी रही।

## झोलाछाप और दबंगों की मारपीट का वीडियो वायरल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** झोलाछाप और करणी सेना के पदाधिकारी योगेंद्र राणा के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस इसे तीन महीने पुराना बता रही है। योगेंद्र ने भी घटना को करीब तीन महीने पुराना बताया है।

रविवार को रामपुर रोड हाईवे पर एक होटल में झोलाछाप डॉ लक्ष्मण और कुछ दबंगों के साथ कहासुनी हुई जिसके बाद होटल मालिक ने समझा कर भेज दिया। मझोला थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर फिर दोनों में झगड़ा हुआ। लक्ष्मण को मार पीट कर पाकबड़ा थाना क्षेत्र में छोड़ गए। पीड़ित ने पाकबड़ा थाने में जानकारी दी। थाना प्रभारी पाकबड़ा ने मामला मझोला थाना क्षेत्र का बताकर मेडिकल कराने भेज दिया। मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि मामला आपसी विवाद का था और उसी दौरान मारपीट हुई थी। वायरल हो रहे वीडियो का इस मामले से कोई लेना देना नहीं है। हालांकि पीड़ित ने एक जनप्रतिनिधि के पुत्र पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## जन चौपाल में सुभासपा की नीतियों का किया प्रचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ग्राम कोनी त्रिलोकपुर के मजरे में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने जन चौपाल लगाया। इसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा गरीब,किसान,मजदूर और पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष करती है। क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखे, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान गौरव कुमार, मोहित ठाकुर, मनोज वर्मा, अतुल सोनी, नयन अग्रवाल, अजीत चौधरी सहित के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।

अपने बैंक में 10 वर्ष से अधिक समय से बिना दावे के पड़े अपने पैसे को उपयोग में लाने का समाधान पाएँ



UDGAM पर जाएँ और जानें कि बैंक से इसका दावा कैसे करें

- UDGAM पोर्टल पर पंजीकरण करें।
- खाताधारक का नाम, बैंक का नाम और जन्म तिथि, पैन कार्ड इत्यादि विवरण का उपयोग करके खोजें।

UDGAM केवल एक खोज सुविधा है। बिना दावे वाली जमाराशियों का दावा संबंधित बैंक(ओं) से करना होगा।





UDGAM पोर्टल पर बैंकों की सूची उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ud पर विज़िट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more

9582831744, 9258116087

8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस

सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

न्यूज ब्रीफ

## दरांती से गला रेतने के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम पीलकपुर गुमानी निवासी विनोद कुमार ने थाना ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर बताया था कि 4 मार्च को शाम करीब 5 बजे गांव के तिराहे पर उसके भाई से चौपाई के पैसे मांगने को लेकर कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान बाबू ने जान से मारने की नीयत से दरांती से उसके भाई के गले पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। रविवार को पुलिस ने आरोपी बाबू को गिरफ्तार कर लिया।

## सादकपुर खिचड़ी गौशाला में की सेवा

**कांठ, अमृत विचार :** गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की टीम द्वारा सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में जाकर गौ सेवा की गयी एवं बीमार गौवंश का उपचार कराया। जिला संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि प्रशासन द्वारा गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि ठीक से निगरानी हो सके। गौशाला में 375 गौवंश संरक्षित हैं। गौशाला को 12 कुंतल 45 किलो 2 दिन का हरा चारा, (बरसीं) दान किया। योगेंद्र, बिट्टू, विशाल, विनीत चौहान, विपिन दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में महिला घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गांव मोहन तख्तपुर हासा निवासी सुरजीत की पत्नी संतोष सोमवार शाम रिश्तेदारी में जा रही थी। रास्ते में कार की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बिलारी सीएचसी में डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विद्यालय में चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय छिरावली में चोरों ने कुछ दिन पहले रसोई का ताला तोड़कर सामान चुरा लिया था। प्रधानाध्यापिका राकेश देवी की शिकायत पर पुलिस ने ब मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फुटबॉल में सोनकपुर की टीम विजेता

## एथलेटिक्स, बैडमिंटन, जूडो व फुटबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, विजेता सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गोल लगाने के प्रयास में जुटे खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- सोनकपुर स्टेडियम की टीम ने टाइगर फुटबॉल क्लब को 2-1 से हराया
- 100 व 200 मीटर दौड़ में तनिष्क ने मारा मैदान, 400 मीटर में वंश यादव विजेता

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में सोमवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग की एथलेटिक्स, बैडमिंटन, जूडो व फुटबॉल प्रतियोगिता हुई। इसकी शुरूआत उप्र. ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने की। फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में सोनकपुर स्टेडियम की टीम ने टाइगर फुटबॉल क्लब को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

100 मीटर दौड़ में तनिष्क प्रथम, निशांत विश्नोई द्वितीय और विकास पवार तृतीय रहे। 200 मीटर में भी तनिष्क पहले स्थान पर रहे। अतुल यादव दूसरे व सिद्धार्थ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में वंश यादव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि निहाल दूसरे और लकी तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर में सुशांत दिवाकर प्रथम, तेज दीक्षित द्वितीय और विकास तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में अमन प्रथम, वैभव द्वितीय और विवेक तृतीय स्थान पर रहे। 2000 मीटर पैदल चाल में शिवम प्रथम, दिव्यांश तोमर द्वितीय व वासु झा तृतीय रहे।

निर्णायक के रूप में सुमित यादव, निशांत सिंह, पिंटू सैनी, शिवानी कुमारी, वैभव चौधरी, प्रिया दिवाकर, शरीफा खातून और विवेक दिवाकर ने जिम्मेदारी निभाई।

प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इस अवसर पर जिला टेबल टेनिस के सचिव योगेंद्र गौतम, एथलेटिक्स कोच ललिता चौहान, हॉकी कोच नेहा सिंह, वॉलीबॉल कोच निशा, कुश्ती कोच गोविंद कुमार यादव, फुटबॉल कोच सचिन विश्नोई, बैडमिंटन कोच मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### बैडमिंटन डबल्स में आर्यन व श्रवण की जोड़ी विजेता

जैवलिन थ्रो में कुश चौधरी प्रथम, कुलदीप द्वितीय और शिवम तृतीय रहे। शॉटपुट में स्पर्श झा प्रथम, कुश चौधरी द्वितीय व कुलदीप तृतीय स्थान पर रहे। लांग जंप में वासु ने पहला स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन जूनियर बालक सिंगल वर्ग में चैतन्य पाल विजेता और सक्षम वर्मा उपविजेता बने। डबल्स वर्ग में आर्यन कश्यप व श्रवण की जोड़ी विजेता रही, जबकि सक्षम वर्मा व चैतन्य पाल उपविजेता रहे। जूडो प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# शिक्षामित्र के परिजनों को आर्थिक सहायता, बेटे को नौकरी की मांग



मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय रामूवाला गणेश में कार्यरत शिक्षामित्र राम सिंह के निधन के बाद उनके परिवार को आर्थिक सहायता और बेटे को नौकरी दिलाने की मांग को लेकर किसान नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

शिक्षामित्र राम सिंह का 7 फरवरी 2026 को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। वह बूथ संख्या 174 पर बीएलओ के रूप में एसआईआर का कार्य भी कर रहे थे। सोमवार को किसान नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा को शिकायती पत्र देकर मृतक शिक्षामित्र के बेटे राजकुमार को शिक्षामित्र के रिक्त पद पर नियुक्ति तथा परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। उपजिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से नियुक्ति और आर्थिक सहायता के संबंध में रिपोर्ट मांगी है तथा पीड़ित परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। ग्राम प्रधान मदन पाल सिंह ने कहा कि जब तक शोकाकुल परिवार को निर्वाचन आयोग से आर्थिक सहायता और शिक्षा विभाग से नियुक्ति नहीं मिलती, तब तक ग्रामीण संघर्ष जारी रखेंगे। अमित कुमार, अर्जुन सिंह, राजू चौहान, यश प्रताप सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिका सविता यादव सम्मानित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली परिषदीय विद्यालयों की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

रविवार को पंचायत भवन, मुरादाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने ब्लॉक छजलैट के प्राथमिक विद्यालय गढ़ी में शिक्षिका शिक्षिका सविता यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका समाज निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाएं शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी अहम योगदान दे रही हैं। ब्लॉक अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट गौरव यादव सहित अनेक शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा में 7 अनुपस्थित

**कांठ, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में तहसील क्षेत्र के 15 परीक्षा केंद्रो का उपसंकलन केंद्र डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ को बनाया गया है। सोमवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल इमीडिएट की उर्दू प्रथम विषय की परीक्षा में 98 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 92 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रथम पाली में ही इंटरमीडिएट की उर्दू विषय प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा में 59 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 58 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उपसंकलन केंद्र प्रभारी रामसागर ने बताया कि हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में आज 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## घर में घुसकर तेंदुआ ने बच्चे पर किया हमला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तेंदुआ ने घर में घुसकर आंगन में खेल रहे पांच वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर तेंदुआ भाग गया। बच्चे को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दलपतपुर निवासी रवि सैनी का पांच वर्षीय बेटा सोमवार रात घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान नदी की ओर से आया तेंदुआ घर में घुस गया और बच्चे पर झपट्टा मार दिया। बच्चे की मां पिंकी ने देखा तो शोर मचाने लगीं। चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण दौड़ पड़े। लोगों ने तेंदुए को घेर लिया, जिससे वह घबरा गया और बच्चे को छोड़कर भाग निकला। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी गांव पहुंच गई और आसपास के इलाके में तेंदुए की तलाश में सर्च अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक तेंदुए का कोई सुराग नहीं लग सका।

# दुर्घटना में घायल युवक का काटना पड़ा पैर, ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

- ट्रक की टक्कर से घायल हो गया था बाइक सवार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत इतनी गंभीर हो गई कि इलाज के दौरान डॉक्टरों को उसका पैर काटना पड़ा। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सुरजननगर निवासी शनिदेव पुत्र स्व. दुष्यन्त कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 फरवरी 2026 की रात उसका भाई सौरभ कुमार अपने दोस्त अभिषेक के साथ बाइक संख्या यूपी 21 बीआर 7086 से डिलारी-सुरजननगर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। ट्रक संख्या यूपी 20 एटी 8880 का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

गंभीर हालत में सौरभ कुमार को मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गंभीर रूप से कुचला हुआ पैर जांघ के पास से काटना पड़ा। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टैक्टर-ट्राली की टक्कर से घायल मजदूर की मौत

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** खनन से भरे टैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को तीन मार्च को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उपचारके दौरान मौत हो गई। मूंढापांडे के गांव मदनापुर होलपुर निवासी फुरकान दिल्ली में पॉलिश का कार्य करता था। वहन तीन मार्च को अपने रिश्तेदार अकरम निवासी ढकिया डिलारी के साथ गोविंदपुर खुर्द से घर वापस लौट रहा था। गांव के पास फुरकान बाइक से खड़ा था। खनन भरे टैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी जिसमें फुरकान घायल हो गया। परिजन घायल को उपचार के लिए दिल्ली सफदरजंग अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां रविवार की रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी महरूल निशा और एक डेढ साल का बेटा अदनान है। मूंढापांडे थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# खेतों और सड़कों पर खतरा बने निराश्रित पशु

- हाईवे पर वाहन चालक और गांवों में किसान परेशान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर कांठ में भारी संख्या में घूम रहे निराश्रित गौवंश से किसान परेशान हैं। गौवंश हाईवे पर घूम रहे है तो कहीं खेती को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाने की मांग की है।

नगर में भारी संख्या में गौवंश पशुओं के सड़कों पर घूमने से क्षेत्र के नागरिक व किसान बहुत परेशान हैं। पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। कई बार इन्हें गौशाला छुड़वाए जाने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ब्लॉक भीकनपुर सभागार में आयोजित बैठक में पशुओं को छुट्टा छोड़ने वाले किसानों के विरुद्ध कार्यवाही का निर्णय लिया था। आज तक किसी के विरुद्ध भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। अनेक सामाजिक संगठन गौवंश को गौशाला में संरक्षित करने का दावा करते हैं लेकिन उनका यह दावा भी खोखला सिद्ध हो रहा है। सड़कों पर घूम रहे पशुओं ने कई बार बच्चों को भी घायल कर दिया है परंतु नगर पंचायत प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। गौवंश द्वारा कई लोग काल का ग्रास भी बन चुके हैं। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक नेताओं एवं गौ रक्षक प्रेमी विकास शर्मा ने पशुओं को गौशाला भिजवाए जाने की मांग की है।

## कलश यात्रा निकालकर की खुशहाली की कामना



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

**डिलारी, अमृत विचार :** कस्बा डिलारी में सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने पुष्प बरसाकर भक्तों का उत्साह वर्धन किया धार्मिक नारों की गूंज से माहौल भक्ति मय हो गया। कथावाचक आचार्य नरेंद्र आनंद सरस्वती ने श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ठाकुर अजय प्रताप सिंह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केजीके कॉलेज मुरादाबाद चंद्र प्रकाश उर्फ नीटू चौहान, डॉ अनुपम शर्मा, नरेंद्र पाल सिंह आचार्य, ग्राम प्रधान बलराम सिंह के अलावा रेनू ठाकुर, राजबाला, अनीता सिंह, गणेश गुप्ता, सनी ठाकुर, हेमलता, पुरुषोत्तम सिंह आदि शामिल रहे।

# होली मिलन समारोह में सुनाए शेरो शायरी

संवाददाता, कांठ




होली मिलन समारोह में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- तहसील सभागार में अधिवक्ताओं ने आयोजित किया समारोह

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम से भाईचारे और सद्भाव का परिचय दिया।

समारोह में शेरो शायरी और कविता के माध्यम से होली के महत्व पर प्रकाश डाला। अधिवक्ताओं का कहना था कि होली का पर्व जाति, धर्म, ऊंच-नीच की भावनाओं को जड़ से समूल नष्ट करने का संदेश देता है।

मुख्य अतिथि ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधीश कुंवर सूर्य सैन सिंह ने कहा कि होलीवैरभाव को भुलाकर गले मिलने को मजबूर कर देता है। उन्होंने कहा कि मथुरा, बरसाना आदि में पहले फूलों की होली खेली जाती थी। जो धीरे-धीरे रंगों की होली में परिवर्तित हो गई। होली का मुख्य उद्देश्य भाईचारे और प्रेम की भावना का संचार करता है।

इस मौके पर तहसीलदार राजकुमार सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक विश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरपाल सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान, लक्ष्मण सिंह, राहुल चौधरी, विजेंद्र सिंह, चौधरी कोमल सिंह, चरण सिंह, अतुल बिश्नोई, इकबाल अहमद, डॉक्टर विनीत नैन, मोहम्मद अय्यूब, सुनील कुमार, शैलेंद्र पवार, राजीव कुमार, महावीर सिंह चरण सिंह ढांका आदि मौजूद रहे। संचालन शहजाद रफी किया।

## मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार:** एक व्यक्ति को आधा दर्जन लोगों ने रास्ते में घेर कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम चेतरामपुर निवासी अरविंद कुमार की गांव के ही ज्ञानी से विगत 17 फरवरी को गाली गलौज हो गई थी। 7 मार्च को अरविंद मुरादाबाद से अपनी बाइक से घर वापस लौट रहा था। तभी दूसरे पक्ष के ज्ञानी, टोनी, रोमी व तीन-चार अज्ञात साथियों ने बाइकों से उसकी बाइक का पीछा किया और बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घायल अपने स्वजनों के साथ थाना छजलैट पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई के बारे में बताया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



डिलारी ब्लॉक में किसानों को जागरूक करते अधिकारी।

- डिलारी में कृषक गोष्ठी में किसानों को किया जागरूक

**अमृत विचार :** त्रिवेणी शुगर मिल की ओर से रविवार को डिलारी क्षेत्र में कृषक गोष्ठी में किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई, बीज शोधन, भूमि शोधन तथा गन्ना बीज आरक्षण के विषय में जानकारी दी गई।

उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम् ने कहा कि गन्ना फसल को लाल सड़न रोग से बचाने के लिए फसल चक्र अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों से स्वस्थ बीज के चयन और बीज शोधन के बाद ही उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को-0118, 15023, 98014, को-लख-14201, 16202 और 94184 की बुवाई करने की अपील की।

महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव ने किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई पर दिए जा रहे अनुदान की जानकारी दी। गोष्ठी में किसानों को ट्रैश मल्चर के उपयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ाने और गन्ना कटाई के बाद पेड़ी में बेहतर फुटाव के लिए इथाफोन के प्रयोग के बारे में भी बताया गया। उप महाप्रबंधक (विकास) सुनील कुमार मलिक ने किसानों को पेड़ी प्रबंधन और कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय बताए। गन्ना प्रबंधक सुमित चौधरी, प्रगतिशील किसान वीरेंद्र सिंह और बीर सिंह राठी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में राकेश कुमार, इस्लाम, डॉ. अकरम, प्रेमपाल और दिनेश कुमार सहित लगभग 150 किसान तथा चीनी मिल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुष्ठ रोगी खोजो अभियान में लगी टीमें

**कांठ, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में कुष्ठ रोगी खोजो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने तहसील क्षेत्र के सभी ग्रामों में एवं नगर के मोहल्ले में जाकर कुष्ठ रोगी खोजे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक ने 23 मार्च तक कुष्ठ रोगी खोजो अभियान के तहत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की 300 टीम जिसमें 300 आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री और 300 एनजीओ के कर्मी कुष्ठ रोगी खोजो अभियान में लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को इसकी विधिवत शुरुआत कर दी गई है। 9 मार्च 23 मार्च तक लगातार अभियान चलाकर कुष्ठ रोगी खोजो कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। इस संबंध में सभी टीमों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# घर-घर जाकर किसानों को स्वयंसेवकों ने किया जागरूक



सरकारी योजनाओं की जानकारी देतीं स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतूपुरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में किसानों से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

डॉ. रघुनाथ सिंह ने जैविक रसायन ट्राइकोडर्मा, अनुदान पर मिलने वाले कृषि रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम पशुधन समृद्धि योजना, गन्ना सह फसली दलहन योजना, सौर ऊर्जा पैनल योजना, कृषि यंत्रीकरण योजना तथा एफपीओ योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। सहायक विकास अधिकारी (बीज भंडार) तथा उनके सहायक भूपेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके बाद स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9412554796

0591 3591634

नाम परिवर्तन सूचना

अपना नाम Haseen Begum से बदलकर Haseen Jahan w/o Mohd Sajid R/o, नई बस्ती तख्त वाली मस्जिद मुरादाबाद रख लिया है। मुझे नए नाम से जाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार





**इफ्तार** 10 मार्च
सुन्नी : 6:24
शिया : 6:32

**सहरी** 11 मार्च
सुन्नी : 4:58
शिया : 5:59

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

### मगफिरत के लिए इबादत में मशगूल हैं इबादतगुजार, जामा मस्जिद के नायब इमाम बोले

# माहे रमजान में गुनाहों के लिए दिल की बेजारी से करें तौबा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जामा मस्जिद के नायब इमाम मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां ने बताया कि रमजान के महीने में रोजे रखें तरावीह और पांचों वक्त की नमाज अदा करें। जो बीमार या सफर में हो, तो उतने रोजे और दिनों में रखे। अल्लाह तुम पर आसानी चाहता है और तुम पर दुश्वारी नहीं चाहता। तौबा का तरीका यह है कि जो गुनाह हुआ उस गुनाह का जिक्र करके दिल की बेजारी और आइंदा उससे बचने का अहद करके तौबा करें।



मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां।

उन्होंने बताया कि नबी-ए-करीम (स.अ.) का फरमान है जब माहे रमजान की पहली रात आती है तो आसमानों और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और आखिरी रात तक बंद नहीं होते। जो कोई बंदा इस माहे मुबारक की किसी भी रत में नमाज पढ़ता है तो अल्लाह उस के हर सजदे के एवज नेकियां लिखता है और उसके लिये जन्नत में सुर्ख याकूत का घर बनाता है और हर दरवाजे के पट सोने के बने होंगे जिन में याकुते सुर्ख जड़े होंगे। बताते हैं कि जो कोई माहे रमजान का पहला रोजा रखता है तो अल्लाह महीने के आखिरी दिन तक के गुनाह माफ फरमा देता है। रात और दिन में जब भी वो सजदा करता है उस के हर सजदे के एवज उसे जन्नत में एक एक दरख्त अता किया जाता है। रमजानुल मुबारक में रहमतों की बारिशें और गुनाहे सगीरा के कफ्फारे का सामान हो जाता है। गुनाहे कबीरा तौबा से माफ होते है। तौबा का तरीका यह है कि जो गुनाह हुआ उस गुनाह का जिक्र करके दिल की बेजारी और आइंदा उससे बचने का अहद करके तौबा करें। मसलन झूठ बोला, तो बारगाहे खुदावंदी में अर्ज करें, या अल्लाह मैंने जो यह झूठ बोला इससे तौबा करता हूं और आइंदा नहीं बोलूंगा। तौबा के दौरान दिल में झूठ से नफरत हो और आइंदा नहीं बोलूंगा कहते वक्त दिल में यह इरादा भी हो कि जो कुछ कह रहा हूं ऐसा ही करुंगा जभी तौबा है। अगर बन्दे की हक तलफी की है तो तौबा के साथ-साथ उस बंदे से माफ करवाना भी जरूरी है।

## कयामत तक हाफिजों के सीने में महफूज रहेगा कुरान: हाफिज फहीम



**रामपुर, अमृत विचार :** पक्का बाग रोड स्थित मस्जिद गौसिया में तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। तरावीह में हाफिज फहीम अहमद ने कुरआन मजीद सुनाया और कारी मोहम्मद हारून ने सुना। खत्मे कुरान मजीद के मौके पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई। हाफिज कहा कि कुरान अल्लाह की भेजी हुई वाहिद ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीनों में कयामत तक महफूज रहेगी। मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। तकरीर में मौलाना ने कहा कि कुरान समझ कर पढ़ने और अमल करने की जरूरत है। रमजान में कुरान पढ़ने पर अल्लाह अपने बन्दे को जो नेकिया अता फरमाता उसके बारे में बताया। कहा कि हाफिजे कुरान और उलमा का एहतेराम करना चाहिए। तकरीर के बाद मुल्को कौम की बेहतरी के लिए की गई दुआ हुई। इसके बाद नमाजियों ने कारी और सामां की गुलपोशी की। इस मौके पर शाहिद खां, अदनान खां, बाबू खां, मकसूद अहमद, नवेद खां, जीशान खां, नासिर खां, आदिल हुसैन खां, मोइन खां, इमरान खां, कामरान मेहंदी, फहीम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## ऐतकाफ में बैठने वाले लेकर जाएं आधार

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर की जामा मस्जिद के नायब इमाम मौलवी फैजान खां ने कहा ऐतकाफ में बैठने वाले आधार कार्ड की छाया प्रति जामा मस्जिद के कार्यालय में अवश्य जमा करें। कहा के जिले भर से लोग जामा मस्जिद में ऐतकाफ में बैठने के लिए आते हैं। कोई अप्रिय घटना होने पर आधार कार्ड से बहुत मदद मिल सकती है। कहा कि रमजानुल मुबारक के तीसरे अशरे में लोग ऐतकाफ में बैठते हैं। नायब इमाम ने कहा कि रमजान का तीसरा और अंतिम अशरा 21 से 29वें या 30वें रोजे तक होता है। रमजान का तीसरा अशरा जहन्नम से निजात का होता है। तीसरे अशरे में ही लैलतुल कद्र होती है और इबादत के लिए मस्जिदों में ऐतकाफ में बैठा जाता है। कहा कि ऐतकाफ में बैठने वाले दुनियादारी की बातें नहीं करें बस अपने अल्लाह से लौ लगाएं और दिनों रात इबादत करें। कहा कि शबे कद्र तीसरे अशरे में होती है इसमें 21, 23, 25, 27 और 29 में होने की संभावना होती है जोकि इबादत के लिए हजारों महीनों से बेहतर है।

### न्यूज ब्रीफ

## यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण बेटी को एसडीएम ने किया सम्मानित



**शाहबाद, अमृत विचार :** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा क्रैक करने वाली शाहबाद की होनहार बेटी को बधाई देने वालों का तांता लग रहा है, सोमवार को एसडीएम आशुतोष कुमार भी यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली गुल्फिजा के घर पहुंचे और उनकी मेहनत की सराहना की। इस दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार ने गुल्फिजा को बुके देकर सम्मानित भी किया। कुछ ही देर बाद नगर पंचायत चेयरमैन के प्रतिनिधि वसीम खां भी गुल्फिजा के घर पहुंचे और मुबारकबाद दी। इस दौरान उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस मौके पर हल्का लेखपाल मनोज यादव साथ में रहे।

## राज्य स्तर पर अर्जुन ने 600 मी. दौड़ में जीता रजत पदक



**रामपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में 9 से 11 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में सरकारी स्कूल के छात्र अर्जुन ने रामपुर का नाम रोशन किया है। सोमवार को आयोजित 600 मी. दौड़ में कंपोजिट विद्यालय नानकर मिलक के छात्र अर्जुन ने रजत पदक अपने नाम किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश संदीप सिंह रहे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के दौरान जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, टीम इंचार्ज शिक्षक गोविंद नारायण भुजवीर सिंह, पंकज कुमार, जय प्रकाश, नितिन राजपूत, मोहित सक्सेना, राकेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# कलात्मक योगासन में प्रज्ञा प्रथम

### डायट के सभागार में हुई अस्मिता योगासन सिटी लीग, ईशा को द्वितीय स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं और महिलाओं को खेलो इंडिया अस्मिता योगासन सिटी लीग हुई। जिसमें कलात्मक योगासन एकल में प्रज्ञा चौहान प्रथम, ईशा यादव द्वितीय और लवन्या सिंह तृतीय स्थान पर रही।

ट्रेडिशनल इवेंट में खुशी ने प्रथम, कुशल राणा द्वितीय जबकि आसिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पारुल अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशन ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि ने महिलाओं को बढ़ चढ़कर खेल एवं अन्य क्षेत्र मे आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को कहा। समापन समारोह की मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सना मामून, विशिष्ट अतिथि मामून शाह, जिला क्रीड़ा अधिकारी ने योगासन खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए। अंतरा यादव, मीनाक्षी रानी, समशी बी, डॉ. अनूप कुमार सिंह, तुषार जौहरी, जयमाला गंगवार, सतीश चंद्र, डीके जौहरी, अवधेश मिश्र, मनोज कुमार, अमरपाल सिंह, भूमिश पाठक, अनु आर्य, फरहत अली खान, लालेन्द्र कुमार राय, हीराकली, अनीता चौहान, शबनम आरा, महजबी सुल्तान, रीना कुमारी, रेनू वर्मा, जीनत परवीन, योगिता रस्तोगी, कमलेश गंगवार, शिवांगी बंसल, राजीव कुमार, सौरभ आदि मौजूद रहे।




पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र के साथ प्रतिभागी एवं पालिकाध्यक्ष सना मामून। ● अमृत विचार

### योग प्रतियोगिता के विजेता

ट्रेडिशनल अंडर 18 – परिणीता दीक्षित प्रथम, दिया बलियान द्वितीय, शिवानी राजपूत तृतीय। कलात्मक योगासन सिंगल में प्रज्ञा चौहान प्रथम, ईशा यादव द्वितीय, लवन्या सिंह तृतीय। ट्रेडिशनल इवेंट में खुशी पाल प्रथम, कुशल राणा द्वितीय, आसीमा तृतीय। कलात्मक योगासन सिंगल में खुशीपाल प्रथम और बबली द्वितीय स्थान पर रहीं।



कलात्मक योग का प्रदर्शन करती प्रतिभागी।

## न्यायालय में नहीं हो सके पीड़ित तीन बच्चों के बयान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के चर्चित सेंट फ्रांसिस स्कूल मामले में तीन बच्चों के मजिस्ट्रेट के सम्मुख उपस्थित होने के बावजूद तकनीकी कारणों से बयान दर्ज नहीं हो सके।

स्कूल के प्रिंसिपल फादर अरिशेरिल जोसफ पर बच्चों के साथ अश्लील हरकतें और यौन शोषण के गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि सजा देने के बहाने बच्चों को केबिन में बुलाकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता था। अभिभावकों के आक्रोश और 21 सदस्यीय कमेटी की मांग के बाद, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने मामले की जांच भोट पुलिस से हटाकर बिलासपुर पुलिस को सौंप दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को पहले ही कब्जे में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार, अब इन तीन बच्चों के बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस पुनः तिथि निर्धारित करेगी। वहीं, अभिभावकों ने मांग की है कि जांच में तेजी लाई जाए और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि चार बच्चों के बयान भोट पुलिस दर्ज करवा चुकी है। तीन बच्चों के बयान जल्द दर्ज करवाएं जाएंगे।

# दिव्यांग को ट्राई साइकिल और जरूरतमंद को मिला आयुष्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में डीएम ने की सहायता

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने सोमवार को दिव्यांग को ट्राईसाइकिल सौंपी और जरूरतमंदों को आयुष्मान कार्ड सौंपे। इससे परिवारों के चेहरे खिल उठे।

तहसील सदर के ग्राम खिजरपुर निवासी दिव्यांग फैजान के लिए शारीरिक अक्षमता चुनौती बनी हुई थी। डीएम ने उनकी पीड़ा को सुना और बिना किसी लेटलतीफी के तुरंत मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भेंट की। वहीं बीते जनता दर्शन में सदर तहसील के ग्राम बीजइया की कुमकुम और मिलक के ग्राम नानकार निवासी सुरेश कुमार ने गंभीर बीमारियों का हवाला देकर मदद की गुहार लगाई थी। डीएम के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड तैयार हो गए। इस जनता दर्शन में डीएम ने खुद अपने हाथों से उन्हें यह सौंपे। इसके अलावा प्रशासन ने उन मासूमों को भी गले लगाया, जिनके सिर से अपनों का साया हमेशा के लिए छिन चुका है। तहसील सदर के ग्राम मिलक बिचौला के अनाथ भाई-बहन मोनिस रजा और अनमबी को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के दायरे में लाकर उनके सुरक्षित भविष्य का ताना-बाना बुना। पनवडिया के आरूष और काशीराम कॉलोनी के साबर अली को केंद्र सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर आर्थिक सहायता मुहैया कराई।



खिलाड़ियों को चेक सौंपते डीएम।

### होनहार बेटियों की हौसला अफजाई

खेलो इंडिया योजना के तहत खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए भी डीएम ने मदद की। बरेली में खेल की बारीकियां सीख रहीं जिले की होनहार बेटियों छवि और गुनगुन को 7500-7500 रुपये की आर्थिक सहायता दी। डीएम ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का अहम हिस्सा हैं, और सरकार किसी भी होनहार के कदम रुकने नहीं देगी।

### न्यूज डायरी

## सुंदर पगड़ी प्रतियोगिता में अमरजीत बने विजेता



**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सुंदर पगड़ी प्रतियोगिता में अमरजीत सिंह पहले स्थान पर रहे। जबकि दूसरे स्थान पर दलजीत सिंह बाजवा, अमृतपाल सिंह आहूजा ने तीसरा स्थान पर प्राप्त किया। विजेताओं के साथ भी चौथे से लेकर आठवें स्थान पर आने वाले सिख बच्चों को सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया बच्चों को सम्मान देना उनका हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता कराई गई। वीर खालसा सेवा समिति समय-समय पर बच्चों को सम्मानित करती है। सुंदर पगड़ी बांधने वालों को ढाल वस्त्र रूप देकर सम्मानित किया गया। अवतार सिंह ने कहा यह सेवाएं जारी रहेंगी। सिख बच्चे जब छोटी उम्र में है पगड़ी बांधते हैं तो यह अतिउत्साह और सम्मान की बात है। इस दौरान सुरजीत सिंह, नरेंद्र पाल सिंह लकी, मनजीत सिंह, वजीर सिंह, गुलशन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## आज बिरज में होली रे रसिया...



**रामपुर, अमृत विचार :** एकता विहार विकास समिति के तत्वावधान में कॉलोनी में रविवार रात होली महोत्सव मनाया गया। लोगों ने आज बिरज में होली रे रसिया, होरी रे-होरी रे बरजोरी रे रसिया जैसे पारंपरिक गीतों का आनंद लिया। विशेष सदस्य धनीराम सक्सेना परिवार से कुसुम लता सक्सेना, रेखा वर्मा, संरक्षक महेंद्र पाल सिंह रावत, अध्यक्ष अरुण वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। सुरेश ध्यानी ने मंत्रोच्चार कर प्रभु वंदना की। कार्यक्रम संयोजक संजय सक्सेना, सहसंयोजक अरविंद सक्सेना ने कॉलोनी में व्यवस्था बनाकर प्रदीप राजपूत को संचालन सौंपा। प्रारंभ विनोद शर्मा ने हनुमान चालीसा के पाठ से किया। तनिष्क अग्रवाल ने गिटार पर गीत व अनंग जैन ने पुराने गीतों की मैलोडी प्रस्तुत की। बच्चों की चित्ररंग प्रतियोगिता का हिना अग्रवाल, रितु सक्सेना तथा पूजा गुप्ता ने आयोजन किया। कक्षा-10 व 12 के बच्चों का शैक्षिक अलंकरण सम्मान किया गया। संयोजन रेखा वर्मा, मोनिका गोयल व मोनिका सक्सेना ने किया। बॉयज डांस ग्रुप ने मैं तेरा फैन हो गया पर नृत्य किया। गर्ल्स डांस ग्रुप ने गीत जब नैना लड़ावा तथा पंजाबी गीत, मैशप गीतों पर समूह नृत्य किया जिसे मोनिका और मयूरी गुप्ता ने कोरियोग्राफ किया। हिना अग्रवाल ने लघु नाटिका होलिका दहन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। फैंसी ड्रेस में अनघ, नक्ष, शिवांश, अक्षिव, अव्युक्त, खुशी और प्रिशा ने राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की। होली गीत इंदु शर्मा ने प्रस्तुत किए। शिवकांत अग्रवाल ने राधा कृष्ण के रूप में बच्चों के साथ फूलों की होली खेली। प्रतिभा अग्रवाल ने धार्मिक प्रश्नोत्तरी आयोजित की। समिति द्वारा नगरपालिका के सभासद अशोक सैनी और चौकीदार भगवानदास को विशेष सदस्य आशीष सक्सेना, सचिव राहुल जैन एवं कोषाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## होली मिलन समारोह में मंगल गीतों के साथ खेली फूलों की होली



**रामपुर, अमृत विचार :** कायस्थ चेतना मंच रामपुर के तत्वावधान में रविवार रात होटल क्राउन में होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में नगर के सम्मानित नागरिकों ने एक-दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर तथा फूलों की होली खेलकर होली की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। वहीं बुजुर्गों ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। होली के पर्व पर आपसी सौहार्द और भाईचारा कायम रखने का संदेश दिए। कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, शोभित किशोर सक्सेना, पंकज राय, समाजसेवी सुभाष नंदा, सुरेंद्र कुमार जौहरी, पंकज सक्सेना, संदीप सक्सेना, रवि सक्सेना, पुष्कर सक्सेना, ऋषि सक्सेना, शिरोहित सक्सेना, स्वाती सक्सेना, पूनम सक्सेना, डॉ. मीनू सक्सेना, शालू सक्सेना, सतीश सक्सेना, अखिलेश बिसारिया, एडवोकेट सुरेश चंद जौहरी, सुरेंदर जौहरी अशोक करोरी, पंकज भटनागर अनुज सक्सेना, शिखा सक्सेना, प्रशांत बिसारिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक अजय सक्सेना ने सभी का आभार प्रकट किया।

# टीम इंडिया के वर्ल्डकप जीतने पर मनाया जश्न



बिलासपुर में वर्ल्ड कप के फाइनल मैच देखते नगरवासी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य चौराहे पर रविवार शाम से लेकर देर रात तक करीब एक हजार उत्साहित क्रिकेट प्रेमी युवाओं का जमघट लगा रहा। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल के नेतृत्व में टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल मैच में टीम इंडिया की जीत का खूब जश्न मनाया गया।

हाईवे से गुजरने वाले यात्री भी रुक-रुककर यह दृश्य देखते हुए जा रहे थे। मुख्य चौराहे के उत्तरी छोर पर निर्माणाधीन महाराजा अग्रसेन चौक पर नगर पालिका ने टी20 वर्ल्डकप दिखाने के लिए सिनेमा हॉल जैसी एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई थी। दर्शकों के लिए पॉपकॉर्न, मूंगफली, समोसे की निःशुल्क व्यवस्था और जश्न ने लिए ढोल व आतिशबाजी का भी इंतजाम किया गया। देर शाम शुरू हुई मैच की पहली पारी में टीम इंडिया का बेहतर प्रदर्शन देखते ही दर्शकों ने जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया था। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के हर विकेट गिरने के साथ ही क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह बढ़ता चला गया और टीम के जीतते ही जश्न शुरू हो गया। पालिकाध्यक्ष भी थिरककर जश्न में शामिल हुए। इस अवसर पर धन्नूमल बंसल, सत्यपाल जिंदल, राजीव अग्रवाल, सुदर्शन मदान, अनिल मदान, रवि गोयल, अमन वर्मा, गुलशन खुराना, मोंटी उप्पल, दुष्यंत अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, सौरभ वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्यों व एक हजार से अधिक किक्रेट प्रेमी युवा उपस्थित रहे।

## क्रिकेट प्रेमियों ने बांटी मिठाई



**टांडा, अमृत विचार :** आईसीसी टी-20 विश्व कप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत द्वारा न्यूजीलैंड को पटखनी देकर विश्व विजेता बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र इंडिया-इंडिया के नारों व पटाखों से गूंज उठा। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। मौहल्ला मस्जिद कौहना में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी और स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए। एक-दूसरे को गले लगाकर जीत की बधाई दी। मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर, तारिक अनवर, रिसालत अली मास्टर जहूर, रजी, मोहम्मद फहीम, शहाबुद्दीन, मुहम्मद अतहर, महताब आलम, मोहम्मद अखलाक, जफर आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज कई क्षेत्रों में चार घंटे गुल रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा इंटर कॉलेज 33/11 केवी उपकेंद्र पर मंगलवार आज स्विच यार्ड के अनुरक्षण, पेड़ों की टहनियों की कटाई छंटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके चलते मंगलवार को 10 बजे से 2 बजे तक 4 घंटे 33/11 रजा इंटर कॉलेज और किला सब स्टेशन से कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। इनमें मोरीगेट, मिस्टनगंज, थोटर, हजरतपुर, किसनपुर, अटरिया, नालापार, जामा मस्जिद, मछली बाजार, शादाब मार्केट आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# गुरुद्वारे की मर्यादा बनाने को किया जागरूक

संवाददाता, बिलासपुर

- तराई सिख महासभा के बैनर तले पंथक सेमिनार आयोजित

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर जीरो प्वाइंट के नजदीक एक परिसर में पंथक सेमिनार तराई सिख महासभा के बैनर तले आयोजित हुआ। यूपी व उत्तराखंड के तराई इलाके के दर्जन भर जिलों का सिख समुदाय के लोग एकत्रित हुए। जिसकी मौजूदगी में सिख सेमिनार हुआ। जिसका उद्देश्य गुरुद्वारों की मर्यादा को कायम रखना और सिखों को पंथ के प्रति जागरूक करना था।

सेमिनार में पंजाब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी केवल सिंह, केंद्रीय सिख सभा के सेक्रेटरी डॉ. खुशपाल सिंह, तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क, हरदीप सिंह दिबदिबा, खुशपाल कौर, निर्मल सिंह हंसपाल, हरबंस सिंह चुघ सहित अनेक वक्ताओं ने विचार रखे। अध्यक्षता कर रहे तराई सिख महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू ने सेमिनार के प्रारंभ में कहा कि यह आयोजन साका ननकाना साहिब के शहीदों को समर्पित है। अंग्रेजी काल में गुरुद्वारों की मर्यादा बचाने के लिए तत्कालीन जत्थेदार लक्ष्मण सिंह सहित सैकड़ों सिखों ने शहादत दी थी। आज भी अनेकों गुरुद्वारों में सरकारी हस्तक्षेप या अन्य तरीकों से मर्यादाएं भंग की जा रही हैं और अवैध कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं। सिख समुदाय को इन्हें मिलकर रोकना होगा। सेमिनार के समापन पर महासभा के जिलाध्यक्ष शिवदेव सिंह भट्टी ने सबका आभार जताया। सूरज सिंह, जगदीश सिंह, रणजीत सिंह, लखविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, अवतार सिंह, सतवंत सिंह बागी, रंजीत सिंह, गुरचरण सिंह सिद्धू, गुरबाज सिंह संधू, फतेहवीर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन नानकमत्ता कमेटी के डायरेक्टर प्रतपाल सिंह ने किया।


**प्ररूप संख्या यूआरसी-2**

**अधिनियम के अध्याय XXI के भाग 1 के तहत पंजीकरण के संबंध में सूचना का विज्ञापन**

**{कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) और कंपनी (रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसरण में}**

1. सूचना दी जाती है की कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप धारा (2) के अनुसरण में **रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान, (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सैक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050** को एक आवेदन पंद्रह दिनों के बाद, लेकिन तीस दिनों की अवधि की समाप्ति के पहले प्रस्तावित है, की **"इरेका होम्स एलएलपी (एलएलपीआईएनः एसीए-9399)"** एक एलएलपी को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग 1 के अधीन शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाए।
2. **कंपनी के मूल उद्देश्य इस प्रकार हैं:**
   - क भारत और विदेशों में ऑनलाइन और ऑनलाइन माध्यमों से हर प्रकार और विवरण के माल और माल का व्यापार, खरीद, बिक्री, पुनर्विक्रय, आयात, निर्यात, वितरण, आपूर्ति और लेन-देन का व्यवसाय करना, चाहे वह उपभोक्ता, वाणिज्यिक या औद्योगिक हो।
   - ख सभी तरह के प्रोडक्ट्स, कमोडिटीज़ और मर्चेंडाइज़ की खरीद, सोर्सिंग, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और डिस्ट्रीब्यूशन में शामिल होना।
   - ग वस्तुओं और सेवाओं के प्रचार और बिक्री के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन मार्केटप्लेस, खुदरा दुकानें, शोरूम, गोदाम, डिपो और वितरण केंद्रों की स्थापना, संचालन और प्रबंधन करना।
   - घ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और बिक्री के लिए मैन्युफैक्चरर्स, ट्रेडर्स और बिज़नेस एंटिटीज़ के लिए एजेंट्स, फ्रेंचाइजी, रिप्रेजेंटेटिव्स, कमीशन एजेंट्स, चौनल पार्टनर्स और सर्विस प्रोवाइडर्स के तौर पर काम करना।
   - ड. वस्तुओं और माल का आयात और निर्यात, वैश्विक सोर्सिंग और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार करना, तथा उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सभी आकस्मिक या अनुकूल गतिविधियां जारी रखना।
3. प्रस्तावित कंपनी के प्रारूप संगम और अनुच्छेद ज्ञापन की प्रतिलिपि का निरीक्षण **ग्राउंड फ्लोर और गोडाउन, 56, इंडस्ट्रियल एरिया हरथला, कांठ रोड, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, इंडिया, 244001** स्थित पंजीकृत कार्यालय में किया जा सकता है।
4. सूचना दी जाती है की यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर आपत्ति है तो वह लिखित में अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के इक्कीस दिन के भीतर **रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान, (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सैक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050,** पर भेज दें तथा इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेज दें।

**इरेका होम्स एलएलपी** की ओर से
**हस्ता/-**
1. **केशव टोडी (नामित साझेदार)**
2. **इरेश बंसल (नामित साझेदार)**

**तिथि** : 10.03.2026, **स्थान** : मुरादाबाद

# खतौनी में त्रुटियों के नाम पर कर रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


मिलक तहसील में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

- विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू अराजनैतिक ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक) की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में तहसील मिलक में हुई। जिसके बाद उप जिलाधिकारी को 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने कहा की खतौनी में किसानों के नाम आदि में त्रुटियों के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्हें हिस्सेदारी संबंधी त्रुटियों के नाम पर भगाया जा रहा है। लेखपाल की रिपोर्ट के बावजूद किसान की सुधार नहीं किया जा रहा है। आधार आधारित पेंशन, किसान सम्मान निधि नहीं मिल रही है। पांच-छह हजार रुपये का जुर्माना देने को कहा जाता है। इसका समाधान आधार कार्ड, पासबुक व आरडी के माध्यम से ठीक किया जाना चाहिए। किसानों ने बिजली और पानी संबंधित शिकायतों के निस्तारण की मांग की। बिलासपुर, चांदपुरा जदीद से लेकर गुलामगंज, संभासपुर, हरसुली, दैया आदि गांवों को पिछले चालीस वर्षों से पानी नहीं मिला है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर किसानों की इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 17 तारीख को होने वाली मासिक पंचायत में धरना प्रदर्शन कर जिले भर में पुतले फूकेंगे। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष फूल सिंह गंगवार, सुनील मौर्य, महेश बाबू गंगवार, अनोखे लाल गंगवार, रामबहादुर गंगवार, रामपाल पटेल, रामदास, लालमन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# युवा सही दिशा में ज्ञान, ऊर्जा और प्रतिभा का करें उपयोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पांच दिवसीय अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में बोले उप महानिरीक्षक पूरन सिंह

**अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माई भारत द्वारा डायमंड कॉलोनी स्थित होटल प्लाजा में सोमवार को पांच दिवसीय अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रामपुर के उप महानिरीक्षक पूरन सिंह ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसका युवा वर्ग है। यदि युवा सही दिशा में अपने ज्ञान, ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग करें तो देश के सामाजिक और राष्ट्रीय विकास को नई गति मिल सकती है।

कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रामपुर के उप महानिरीक्षक पूरन सिंह तथा माई भारत उप निदेशक माहे आलम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दोनों अधिकारियों ने युवाओं के साथ संवाद करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रयागराज जिले से आए 37 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जो 9 मार्च से 13 मार्च 2026 तक रामपुर में रहकर विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों, संवाद कार्यक्रमों, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा शैक्षिक भ्रमणों में सहभागिता करेंगे। उद्घाटन सत्र में उप महानिरीक्षक पूरन सिंह ने कहा कि कहा कि ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रम युवाओं को देश की विविधता को समझने और विभिन्न संस्कृतियों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव को मजबूती मिलती है।

# भूमि विवाद में गर्भवती बहू, सास पर हमला

संवाददाता, स्वार

- सास का पैर टूटा और बहु घायल, दी तहरीर

**अमृत विचार:** मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव मुश्तरबाद में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि परिवार के ही कुछ लोगों ने घर में घुसकर गर्भवती बहू और उसकी बुजुर्ग सास के साथ मारपीट की। हमले में सास का पैर टूट गया, जबकि गर्भवती महिला के सिर में गंभीर चोट आई है।

गांव मुश्तरबाद निवासी राजकुमारी ने मिलकखानम पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि परिवार में जमीन के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते चचेरे देवर लाखन, सतवीर, द्रोपदी और भूरी समेत अन्य परिजन घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने राजकुमारी और उसकी बुजुर्ग सास केशरवती पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने केशरवती को बेरहमी से पीटा, जिससे उनका पैर टूट गया। वहीं गर्भवती राजकुमारी के सिर पर लोहे की पाटल से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई 1पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विधवा व बेटी पर हमले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**मसवासी, अमृत विचार :** बाजपुर थाना क्षेत्र के संजय कॉलोनी निवासी विधवा सुखजिंदर कौर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। शिकायत की है कि उसका खेत मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव चौहद्दा कोसी नदी क्षेत्र में है। इसी गांव निवासी उलवंत दीप सिंह व हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह आदि ने उसके खेत में खनन के वाहन निकालने के लिए रास्ता बना लिया। इस मामले की सूचना उसे मिली तो वह अपनी छोटी बेटी अनुप्रीत कौर को साथ लेकर 13 फरवरी सुबह के समय खेत पर पहुंची और खेत में रास्ता बनाने का विरोध किया आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया और खेत पर जान से मारने की धमकी दी और तमंचा निकालकर डराया धमकाया उलवंतदीप सिंह ने तलवार निकालकर बार करने का प्रयास किया। इसके अलावा हमले में किसी तरह पीड़ितों ने भागकर जान बचाई। क्षेत्राधिकारी अतुल पांडे के निर्देश पर थाना पुलिस ने उलवंत दीप सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य टीम ने फल विक्रेताओं को चेताया

**टांडा, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने टांडा में फल की दुकानों का निरीक्षण कर विक्रेताओं को सड़े-गले फल हटाने और काटकर फल न बेचने की चेतावनी दी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ईट राइट वेन के साथ सोमवार को टांडा पहुंची जहां फल की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला खाद्य अधिकारी अजरा ने विक्रेताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अब से काटकर फल नहीं बेच सकेंगे। यदि किसी को फल बेचना है, तो पूरा साबुत फल ही बेचें। मौके पर ईट राइट इंडिया के पोस्टर वाली वेन लोगों को सुरक्षित और पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया। कार्रवाई से फल विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। अधिकारी ने साफ कर दिया कि स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दीप महायज्ञ 11 को

**रामपुर, अमृत विचार :** अखंड दीप शताब्दी एवं माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ज्योति कलश यात्रा के आगमन होगा। इस अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी एवं 51 दिवसीय वेदीय दीप महायज्ञ 11 मार्च को उत्सव पैलेस में होगा। वेदीय महायज्ञ सायं 6 बजे से होगा। मुख्य अतिथि विधायक आकाश सक्सेना होंगे।

# मेडिकल कॉलेज स्थापना की मांग डीएम और सीएमओ से मिले व्यापारी

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने डीएम व सीएमओ को सौंपे ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सीएमओ को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य व्यापारी।

- बोले, हजारों मरीज रेफर होने के बाद बाहर निकलते ही तोड़ रहे दम

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा से मिला। जिला कलेक्ट्रेट में प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए ज्ञापन सौंपा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना बेहद जरूरी है। मेडिकल कॉलेज ना होने से हर वर्ष हजारों मृत्यु हो रही हैं। हजारों मरीज जिला चिकित्सालय से रेफर होने के पश्चात बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं। जिला अस्पताल में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता का बुरा हाल है। मामले में डीएम ने प्रतिनिधिमंडल को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह से मिलने के लिए कहा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि जल्द मेडिकल कॉलेज की राह खुलेगी। इस दौरान संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा, संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा जिला प्रचार मंत्री, यासीन प्रचार मंत्री, मिलन सक्सेना जिला सचिव, शाहिद मामू संरक्षक, विष्णु सैनी, नजाकत अली रयान, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### आज तक पत्र का नहीं आया जवाब

संदीप अग्रवाल सोनी ने बताया कि अलीगंज बेनजीर की बाग गुलजार ग्राम जगतपुर की जमीन स्थापना के लिए चिन्हित की थी, जो उद्यान विभाग की है। 7 दिसंबर 2021 को रिपोर्ट तैयार कर 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रामपुर को स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया गया। 14 दिसंबर 2021 को डीएम कार्यालय में रिपोर्ट दी गई। 22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद प्रसंस्करण उत्तर प्रदेश टू सप्रू मार्ग लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण के लिए पत्र लिखा गया। लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया है। इन्वेस्टर की टीम सर्वे करने के लिए भी आई।

# डीएम से पुलिया पर जाल डलवाने की मांग

**दढ़ियाल, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला बाजार में एक पुलिया पर पिछले तीन साल से एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। जिसमें पुलिया पर जाल डलवाने की मांग की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गड्ढा इतना बड़ा है कि इसमें अक्सर मालवाहक गाड़ियां फंस जाती हैं। कभी-कभी पारिवारिक वाहन भी इसमें फंस जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अकेले चालक के लिए भारी वाहन को निकालना मुश्किल हो जाता है।

इस गड्ढे के कारण बाइक सवारों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। यह मार्ग पुलिस के आवागमन का भी रास्ता है, जिससे वाहन चालकों में पुलिस के आने का भय बना रहता है। यह सड़क दढ़ियाल के तीन मोहल्ला वार्डों - वार्ड नंबर 14, 3 और 8 को जोड़ती है। जिलाधिकारी को भेजे पत्र पर मोहम्मद आजम, रऊफ अंसारी,जाकिर अली,शाकिर अली आदि सहित दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# जिला अस्पताल में सर्जन की तैनाती से मिली राहत


जिला अस्पताल में कतार में खड़े मरीज और उनके तीमारदार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 11 जनवरी को संविदा हो गई थी पूरी, डॉक्टरों की कमी से मरीज हो रहे परेशान

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सर्जन की संविदा 11 जनवरी 2026 को खत्म हो गई थी। इसके बाद मुख्य चिकित्साधीक्षक बीसी सक्सेना ने शासन को सर्जन के लिए पत्र लिखा था। शासन ने सर्जन डॉ. आरिफ रसूल की तैनाती कर दी है। सर्जन की तैनाती होने के बाद मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों के न होने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। 30 के सापेक्ष जिला अस्पताल में 10 चिकित्सकों की तैनाती है। सर्जन की संविदा भी 11 जनवरी को खत्म हो गई थी। इसके बाद सीएमएस ने शासन को पत्र लिखकर जिला अस्पताल में सर्जन समेत, हृदय रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ की मांग की थी। शासन ने सर्जन की तैनाती कर दी है। वहीं अस्पताल में सुबह से मरीजों की भीड़ लग जाती है। सोमवार को 900 नए मरीजों की ओपीडी हुई जबकि, 1500 पुराने मरीज थे। मुख्य चिकित्साधीक्षक ने बताया कि जिला अस्पताल में सर्जन दो एक दिन में ज्वाइन कर लेंगे शासन से तैनाती कर दी गई है।

# दो मार्गों के जीर्णोद्धार का शिलान्यास

संवाददाता, बिलासपुर


कार्यक्रम में बोलते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

- कृषि राज्यमंत्री बोले, 3.73 करोड़ की लागत से होगा कार्य

**अमृत विचार :** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने सोमवार को दो प्रमुख मार्गों के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास किया। 3. 73 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़कें दशकों से बदहाली का दंश झेल रहे ग्रामीणों के लिए राहत लेकर आएगी।

शिलान्यास के बाद कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़कें विकास की पहली सीढ़ी होती हैं। बताया कि गांव खाता से गांव बिजली फार्म तक का मार्ग 1.52 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा। वहीं गांव इंदरपुर से गांव धुरियाई तक के दूसरे महत्वपूर्ण मार्ग पर 2.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन सड़कों के बनने से किसानों को अपनी फसल मंडी तक ले जाने में समय और खर्च की बचत होगी। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता न करने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने फूल-मालाओं के साथ मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, गुरविन्द्र सिंह, सतपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, लखविंदर सिंह, अंग्रेज सिंह, कुलविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, जसपाल सिंह, स्वराज पाल सिंह, संतोख सिंह सोखी, सुखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मानदेय न मिलने से नाराज मनरेगा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** लंबे समय से मानदेय का भुगतान न होने से नाराज मनरेगा कर्मियों, रोजगार सेवकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और तकनीकी सहायकों ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बकाया मानदेय दिलाने की मांग की।

ज्ञापन में कर्मियों ने बताया कि विभाग के निर्देशों के अनुसार जनपद में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में उन्होंने पूरा योगदान दिया है, लेकिन इसके बावजूद जुलाई 2025 से अब तक उनका मानदेय नहीं दिया गया है। इसके साथ ही ईपीएफ की देयता भी काफी समय से लंबित चल रही है। कर्मियों का कहना है कि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रोजगार सेवकों ने बताया कि 10 मार्च से 15 मार्च तक वे क्षेत्र के विधायक, विधान परिषद सदस्य, सांसद और मंत्रियों को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे। यदि इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ तो 16 मार्च को मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचकर अपनी बात रखेंगे। इस दौरान अनेक पाल, राघव पांडेय, अजय, सीमा, कल्याण सिंह, प्रभादेवी, वीरपाल, रानी, राजपाल, सरताज, अनूप, रामअवतार, मनोज, रामरतन, सफी मोहम्मद और राकेश सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से पूर्ण करें कार्य



**रामपुर, अमृत विचार :** सीडीओ गुलाब चंद्र ने सोमवार को विकास खंड कार्यालय सैदनगर का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों की स्थिति का जायजा लेते हुए विभिन्न पटल सहायकों यथा आवास पटल, शिकायत पटल, स्थापना पटल एवं आंकिक पटल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय के कार्यों का निष्पादन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता एवं गति लाई जा सके। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने पटल से संबंधित पत्रों एवं अभिलेखों को संबंधित पत्रावलियों में सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने शासन, आयुक्त, जिलाधिकारी, जनसुनवाई एवं आईजीआरएस आदि स्तरों से प्राप्त होने वाली शिकायतों की निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। निस्तारण की सूचना शिकायतकर्ता को भी अवश्य उपलब्ध कराई जाए। सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत ऑनलाइन संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की जाएं। इसके अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए।

### कुष्ठ रोगी अभियान में रोगियों की होगी खोज

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि जिले में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान सोमवार से शुरू हो गया। है। उन्होंने बताया कि 14 दिवसीय अभियान 23 मार्च तक चलेगा। इस अभियान में 2805 टीमें तथा 561 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत टीम के सदस्य घर-घर जाकर दो वर्ष से ऊपर के सभी सदस्यों का शारीरिक परीक्षण करेंगे। घरों पर पहुंची टीम के सदस्यों द्वारा संदिग्ध कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें रोग की पुष्टि के लिए संबंधित चिकित्सा अधिकारी के पास संदर्भित किया जाएगा। रोग की पुष्टि होने पर उनका उपचार शुरू कराया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों में त्वचा पर हल्के तांबई रंग के सुन्न दाग-धब्बों का होना, हाथ-पैरों में झनझनाहट का अनुभव होना, नसों में दर्द होना, हाथ-पैरों में कमजोरी आना तथा त्वचा, चेहरे या कानों पर गांठों का होना शामिल है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की गई है।



### एसपी ने पुलिसबल के साथ बाजारों में गश्त की

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने सोमवार को कोतवाली व गंज थाना क्षेत्र के बाजारों में पुलिस बल के साथ गश्त किया। अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा आमजन मानस में सुरक्षा भावना जाग्रत करने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के बाजारों का भ्रमण किया। थाना कोतवाली एवं गंज क्षेत्रान्तर्गत भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं बाजारों में पुलिस बल के साथ गश्त कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### महतोष-नवाबगंज मार्ग पर ओवरलोड डंपरों पर रोक लगाने की मांग



**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के बैनर तले सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें संगठन के ब्लाक अध्यक्ष सर्वजोत सिंह ने कहा कि महतोष-नवाबगंज मार्ग क्षेत्र का मुख्य मार्ग हैं। पिछले काफी समय से इस मार्ग का उपयोग उत्तराखंड से आने वाले ओवरलोड डंपरों द्वारा किया जा रहा है। इन भारी वाहनों के कारण नवाबगंज, गुलरिया, बोसेना, चकफेरी और कादरीगंज जैसे गांवों की सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं। जिसके चलते पैदल चलने वाले स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों का जीवन हर समय खतरे में रहता है। उन्होंने मांग कि इस मार्ग पर ओवरलोड ट्रकों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए। चेतावनी देते हुए कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर प्यारा सिंह, निशान सिंह, अंतराम यादव, लखवीर सिंह, सुखवीर सिंह, सुच्चा सिंह, बलविंदर सिंह, प्रकाश सिंह, अमनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# 740 परीक्षार्थियों ने दी सीबीएसई 12वीं गणित की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सामान्य गणित से 15 और एप्लाइड गणित से 1 परीक्षार्थी रहा अनुपस्थित

> सीबीएसई 12वीं के परीक्षार्थियों का गणित का पेपर था। गणित के पेपर से 15 और एप्लाइड गणित के पेपर से 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई हैं।
> – नीरज तिवारी, सिटी कोआर्डिनेट सीबीएसई

**अमृत विचार :** सीबीएसई में 12वीं की गणित की परीक्षा में 732 के सापेक्ष 717 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एप्लाइड गणित की परीक्षा में 24 के सापेक्ष 23 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।

जिले के 13 केंद्रों पर सोमवार की सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुआ। परीक्षा के दौरान दो उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की। सोमवार को 12वीं की गणित परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। 10:15 से 10:30 बजे तक प्रश्न पत्र पढ़ने का समय दिया गया। 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुई। 12वीं के गणित के पेपर से 15 परीक्षार्थी और एप्लाइड गणित के पेपर से 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।


परीक्षा केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# टीईटी के विरोध में महासंघ का गठन


आंबेडकर पार्क में मौजूद शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- आंबेडकर पार्क में शिक्षक संगठनों की बैठक आयोजित

**अमृत विचार :** सोमवार को आंबेडकर पार्क में शिक्षक संगठनों की बैठक हुई। बैठक में पुराने शिक्षकों पर टीईटी थोपे जाने के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया गया। संयोजक दिगपाल गंगवार को बनाया गया तथा 11 सह-संयोजक नियुक्त किए गए।

1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया है। मामले में शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में गोपनीय रूप से बनाए गए कानून के आधार पर दिया गया है। उस समय इस नियम को सार्वजनिक नहीं किया गया था। शिक्षकों का कहना है कि जो शिक्षक जिस समय नियुक्त हुए हैं, उन पर उसी समय के नियम लागू होने चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा बैक डेट से नियम लागू करना शिक्षकों के साथ अन्याय है।

इसी के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन चार चरणों में किया जाएगा। बैठक में दिगपाल गंगवार को संयोजक तथा कैलाश बाबू पटेल, अनुपम कुमार, राम बहादुर, डॉ. अहसान खान, जगदीश पटेल, राजपाल सिंह मौर्य, राजेश खन्ना, आनंद प्रकाश गुप्ता, जंग बहादुर, केशव कुमार, रमेश चंद्र और रिंकू कुमार को सह-संयोजक नियुक्त किया गया।

यह गठन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, अटेवा, टीएससीटी, एससी-एसटी वेलफेयर शिक्षक एसोसिएशन, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संगठन तथा बीटीसी शिक्षक संगठन के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किया गया। महासंघ के संयोजक दिगपाल गंगवार ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे 15 मार्च तक संबंधित अधिकारियों को ई-मेल भेजकर आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। बाइक सवार सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र के पिलखनी गांव निवासी 35 वर्षीय पिंटू पुत्र सुरेंद्र की मौत हो गई। पिंटू अपने साथी अभिषेक के साथ मोटरसाइकिल से धोकलपुर गांव में अपनी मौसी के बेटे की शादी में शामिल होने जा रहा था। दोनों युवक नगीना रोड स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार और ओवरलोड लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। अभिषेक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### डॉ यतीन्द्र कटारिया को कार्यक्रम का निमंत्रण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर निवासी लेखक तथा अंतरराष्ट्रीय हिन्दीसेवी और राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. यतीन्द्र कटारिया को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। यह कार्यक्रम आगामी 19 मार्च को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित होगा, जिसमें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित रहेंगी।

### स्वास्थ्य संवर्धन दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शहर के भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर में स्वास्थ्य संवर्धन दिवस मनाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शहर के चिकित्सक डॉ. एम.पी. शर्मा ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। स्वयंसेवियों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार लेने और पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य संवर्धन दिवस पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में सानिया ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय तथा रिचा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवनीश कुमार, डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. सुधा रानी, चारु वशिष्ठ, मनोज, शगुन, गुंजन,, मीनाक्षी सहित अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बिजली तार चोरी कर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार दबोचे

## पुलिस-एसओजी और सर्विलांस टीम ने गिरोह से 170 किलो तार किया बरामद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- बोलेरो पिकअप गाड़ी, तमंचा और कारतूस बरामद किया
- पुलिस तार चोर गिरोह के अन्य सदस्यों को तलाश कर रही



पुलिस गिरफ्त में तार चोर गिरोह के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना नौगावां सादात पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 170 किलोग्राम चोरी के बिजली के तार, एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र यादव ने बताया कि रविवार रात नौगावां सादात थाना पुलिस एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम बीलना नहर से जाजरू जाने वाले कच्चे रास्ते पर मौजूद थी। तभी संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक बोलेरो पिकअप गाड़ी को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से बड़ी मात्रा में बिजली के चोरी किए गए तार बरामद हुए। पुलिस के अनुसार बरामद सामान में करीब 100 किलोग्राम बिजली का तार और लगभग 70 किलोग्राम रबड़ का तार शामिल है।

इसके अलावा आरोपियों के पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बिजली के तार चोरी कर उन्हें बेचने की बात कबूल की है। पुलिस ने चारों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहरुख निवासी गांव हीमपुर बुजुर्ग थाना चांदपुर बिजनौर, दुष्यंत, अंकित निवासी गांव पेली थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा तथा फैजान निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा नौगावां सादात जनपद अमरोहा के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी बालेंद्र सिंह यादव ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ नौगावां सादात थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उनसे पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## अवैध हथियार तस्करी गिरोह के 8 आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर , अमृत विचार :** पुलिस ने अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी करने वाले गिरोह के आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कई अवैध तमंचे, पिस्टल, कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई हाल ही में नगीना क्षेत्र में हुई एक हत्या की जांच के दौरान सामने आई जानकारी के आधार पर की गई।

पुलिस के अनुसार 5 मार्च को नगीना क्षेत्र में शिवालय हेल्थ केयर सेंटर के डॉ. राजकुमार की हत्या के मामले में गिरफ्तार शूटर छोटू उर्फ विकास ने बताया था कि तमंचा उसने आर्यन उर्फ राजन निवासी धामपुर से लिया था। इस खुलासे के बाद थाना नूरपुर, धामपुर और स्योहारा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि अमरोहा जिले के नौगावा सादात निवासी अमीरुद्दीन उर्फ आरिफ अपने घर पर अवैध हथियार बनाने और उनकी मरम्मत का काम करता था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पांच दिव्यांगों को दी गईं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल


मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल वितरण करतीं डीएम। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

- जीवन में आए ठहराव को दूर करेगी ट्राईसाइकिल: डीएम

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल दिव्यांगजनों के जीवन में आए ठहराव को दूर करेगी और अब वह भी आसानी से घूम-फिर सकेंगे। इससे न केवल उनकी जीवनशैली बदलेगी बल्कि वह स्वरोजगार को बढ़ावा भी दे सकेंगे।

सोमवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के आफीसर्स क्लब में जिला दिव्यांगजन कार्यालय में पंजीकृत एक महिला समेत पांच पात्रों को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा के संग इट्राईसाइकिल दीं।

जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव, मंडी धनौरा की एसडीएम विभा श्रीवास्तव, जिला दिव्गाजन सशक्तिकरण अधिकारी शिखा शर्मा, समाजसेविका हितेष चौधरी, जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा. सुजिंदर फोगाट, डा. मधु चतुर्वेदी, ऋषिपाल सिंह, राम सिंह बौद्ध, कृपाल सिंह, सुमेधा शर्मा, चंदन सिंह, नवनीत सिंह, जॉनी, बूंदी सिंह, राहुल, आशु आदि मौजूद रहे।

# बरातियों और घरातियों में मारपीट

संवाददाता हसनपुर


तोड़फोड़ की जानकारी देता दुकानदार। ● अमृत विचार

- बरातियों ने एक दुकान में की तोड़फोड़, तहरीर दी गई

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बरात चढ़त के दौरान डांस को लेकर घरातियों एवं बरातियों में मारपीट हो गई। देर रात ग्रामीणों ने दोनों में समझौता करा दिया। बरात विदा होने के बाद एक घराती को देख बरातियो को गुस्सा आ गया और उसके साथ मारपीट करने लगे। घराती एक दुकान में घुस गया, तो बरातियों ने दुकानदार के साथ मारपीट, तोड़फोड़ की। दुकानदार ने तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी नौसिंह की पुत्री की बरात संभल के गांव शेखुपुरा से रविवार को आई थी। चढ़त के दौरान डांस को लेकर बरातियों एवं घरातियों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई लेकिन ग्रामीणों ने देर रात दोनों पक्षों में समझौता कर दिया गया। सुबह लड़की पक्ष ने विधि विधान के साथ बरात को विदा किया। बरातियों से भरी कैंटर गाड़ी अलीगढ़ मार्ग पर स्थित हथियाखेड़ा गांव के अड्डे पर पहुंची तो बरातियों को सड़क किनारे एक घराती गुरमीत पुत्र प्रमोद खड़ा दिखाई दे गया। बरातियों ने गाड़ी रुकवा कर गुरमीत को पकड़ लिया और मारपीट करने लगे। गुरमीतअपनी जान बचाने के लिए संजय निवासी हथिया खेड़ा की फोटोग्राफी की दुकान में घुस गया। बरातियों ने दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट की और दुकान में भी तोड़फोड़ कर दी। दुकानदार संजय ने बताया गया कि बरातियों द्वारा दुकान में रखा प्रिंटर, एलईडी लैपटॉप एवं काउंटर को तोड़ दिया गया है जो लगभग साठ हजार रुपए का नुकसान दुकानदार के द्वारा बताया गया है। जब इस बारे में वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया मामला जानकारी में है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीमद् भागवत कथा में शिव पार्वती विवाह का वर्णन

**हसनपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास मोहित भारद्वाज ने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा वाचक ने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए। लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। श्रीमद् भागवत कथा में विवाह प्रसंग के दौरान शिव पार्वती विवाह की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके।इस दौरान इस मौके पर ननहुआ सिंह, जगदीश ठेकेदार, ओमपाल सिंह, प्रशांत, दयाराम, मास्टर पूरन सिंह, डोरी सिंह, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मटर फैक्ट्री में गैस रिसाव की जांच

संवाददाता मंडी धनौरा


निरीक्षण करतीं एसडीएम व प्रदूषण विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- एसडीएम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने किया निरीक्षण

**अमृत विचारः** गांव चुचौला कलां की मटर फैक्ट्री में रविवार को हुए गैस रिसाव प्रकरण के बाद सोमवार को प्रशासन सक्रिय नजर आया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव के नेतृत्व में बिजनौर से आई प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम, लेबर इंस्पेक्टर, नायब तहसीलदार और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने फैक्ट्री पहुंचकर निरीक्षण किया और घटना से संबंधित जानकारी ली। खामियां पाए जाने पर अधिकारियों ने फैक्ट्री प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी।

टीम ने फैक्ट्री परिसर में गैस रिसाव की संभावित जगहों, सुरक्षा इंतजामों और गैस पाइपलाइन की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने फैक्ट्री प्रबंधन से गैस रिसाव के कारणों की जानकारी ली और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से दिए गए जवाब से एसडीएम संतुष्ट नहीं दिखीं और जल्द से जल्द कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि रविवार शाम फैक्ट्री में गैस रिसाव हो गया था। आधा दर्जन मजदूरों की हालत बिगड़ गई थी और वे बेहोश हो गए थे। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण टीम में फील्ड सहायक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रजनीश चौधरी, एसए प्रदूषण बोर्ड सुरेश त्रिपाठी, अग्निशमन अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह तथा लेबर इंस्पेक्टर भी शामिल रहे।

# रंग पंचमी पर खेली फूलों की होली



होली मिलन कार्यक्रम में जुटे लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला चौक स्थित ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष विकास व्यास के आवास पर रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें फूलों की होली खेली और तिलक लगाकर अभिनंदन किया।

ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं. पवन कौशिक एवं महामंत्री पं. मनु शर्मा ने कहा कि गिले शिकवे और मनमुटाव को समाज में बैठकर हल कर लेना चाहिए। होली का त्यौहार हमें यही संदेश देता है। संरक्षक योगेंद्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, उपेंद्रनाथ त्रिवेदी, विपुल शर्मा, प्रकाश व्यास, मेधावी व्यास, काश व्यास, पवन शर्मा, वरुण त्रिवेदी, राकेश कुमार शर्मा, स्वीकृत शर्मा, शिवम शर्मा, प्रेमचंद पाठक, खेमकरण शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, भगवानदास पाठक, गिरीश कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, नवनीत गौतम, वामदेव नौटियाल, वरुण त्रिवेदी, विकास त्रिवेदी, प्रमोद कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, उमेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाई से झगड़े के बाद युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


युवक की मौत के बाद मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- पुलिस पहुंची, परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि भाई से हुए झगड़े के बाद युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी शमीम अहमद के पुत्र शाने आलम उर्फ छोटू (40) का सोमवार को अपने भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। परिजनों के अनुसार झगड़े के कुछ देर बाद शाने आलम की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव को घर ले आए। कुछ देर बाद रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कुछ रिश्तेदारों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया और पुलिस को सूचना दी। नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मौत के कारणों की पुष्टि के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हैं। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## न्यूज डायरी

### मौला अली की यौमे जर्बत पर शबीहे ताबूत बरामद



**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बे मे 19 रमजान की सुबह नमाजे फज्र के बाद महल वाली मस्जिद के पास से हज़रत अली की यौमे ज़र्बत के सिलसिले से शबीहे ताबूत बरामद हुआ। जो तयशुदा रास्तों से होता हुआ पीर जी इमामबारगाह पुहँचा। फ़ात्मा हॉस्पिटल में मजलिस में मर्सिएख्वानी डॉ. लईक हैदर बाक़री और उनके साथियों ने की। मुजफ्फरनगर के मौलाना हसन रज़ा ने कहा कि कायनात में रसूले ख़ुदा के बाद जो फ़ज़ीलत मर्तबा मौला अली का है वो किसी का नहीं। जुलूस में नोहे मोहम्मद हैदर, सुहैल अब्बास ने पढ़े। इस मौके पर शाहिद हुसैन, मुशाहिद हुसैन, अता अब्बास ,दानिश बाकरी, महज़र अली, ज़ैग़म अब्बास, तंज़ीम अब्बास, हसन मेहदी, यावर अब्बास , मुहम्मद अब्बास, कुमैल असग़र, फ़ज़्ले अब्बास, आदिल हैदर, शाने अब्बास रहे। वहीं भाजपा नेता अभिनव कौशिक, अभय त्यागी, अमित गुर्जर शामिल रहे।




### राज्यपाल ने प्रधानाचार्य स्वाति गुप्ता को किया सम्मानित

**सैदनगली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजधानी लखनऊ में आयोजित एक विशेष समारोह में गोया वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य स्वाति गुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा एक्सीलेंस अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य स्वाति गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के बच्चों, कर्मठ शिक्षकों और अभिभावकों के भरोसे को दिया। कहा कि जल्द ही विद्यालय के बच्चों को राज्यपाल से भेंट कराने के लिए राजभवन ले जाया जाएगा।



### यूपीएससी में 14वीं रैंक हासिल करने वाली सुरभि यादव को किया सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार :** यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल करने वाली सुरभि यादव को सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वह नौगावां सादात क्षेत्र के गांव नसीर नगला की रहने वाली हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरभि की सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनकी मेहनत और लगन से अन्य छात्र-छात्राओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सुरभि यादव ने अपनी सफलता का राज साझा करते हुए बताया कि उन्होंने नियमित पढ़ाई, सही मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सुरभि ने कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता पाने के लिए धैर्य, अनुशासन और निरंतर प्रयास बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य तय कर पूरी लगन के साथ तैयारी करने की अपील की।

### नारी शक्ति के सम्मान का लिया संकल्प



**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के ब्लॉक सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उषा शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के योगदान को स्वीकार करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में सशक्त बनाने का अवसर है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और बच्चों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। मुख्य अतिथि अंगूरी देवी ने भी नारी शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डाला और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की शपथ ली। इस मौके पर बबीता सैनी, सुषमा त्यागी, कविता सैनी, अमरपाली गुर्जर, सरोज गुर्जर, सोनिया प्रजापति, मंजू देवी और ममता गुर्जर आदि शामिल रहीं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


एसडीएम को ज्ञापन पढ़कर सुनाते दिवाकर सिंह। ● अमृत विचार

- भाकियू शंकर के कार्यकर्ता पहुंचे कलेक्ट्रेट, दिया ज्ञापन

**अमृत विचारः** किसानों और आम उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर के माध्यम से भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

सोमवार की सुबह संगठन के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों और उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर पुष्कर नाथ चौधरी को सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई विभागों में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के कारण किसानों और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितताओं, बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर अतिरिक्त चार्ज वसूले जाने, नकली गन्ना बीज की बिक्री और सहकारी समितियों में किसानों को पर्याप्त सुविधाएं न मिलने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने बिजली विभाग पर भी उपभोक्ताओं के शोषण का आरोप लगाया। राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बृजघाट से मुरादाबाद के बीच बने खतरनाक और अवैध कटों को बंद कराने, अंडरपास पर रिफ्लेक्टर मिरर लगाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अलावा अमरोहा के डिडौली क्षेत्र में 132 केवीए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना, अमरोहा विकास प्राधिकरण के गठन, गजरौला में ट्रामा सेंटर की स्थापना और जिले की जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई। संगठन के अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने चेतावनी दी कि यदि किसानों और उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

चौधरी नेमपाल सिंह, विक्रम पवार, नरेश खारी, प्रधान महिपाल, हरपाल सिंह, जगत सिंह चौहान, सतबीर सिंह, अमित गुर्जर, चौधरी रवि पाल सिंह, कैप्टन वीर सिंह, लोकेश प्रधान, राकेश चौहान, मोनू चौधरी, रवि उर्फ पप्पू, वीरेंद्र सिंह, कमल सिंह, मोजी, रामपाल सिंह, भारत, नरेश, रविंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बबीता रानी, ज्योति चौहान, मंजू शर्मा, प्रियंका भटनागर, पूनम चौधरी, नीतू रानी, शिवांशी यादव, कुसुम लता, शीला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चरागाह की भूमि को मुक्त कराने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में किसान नेताओं ने चरागाह की भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। सोमवार को नवीन मंडी स्थल के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि छुट्टा पशुओं के कारण किसानों को आर्थिक एवं शारीरिक नुकसान हो रहा है। बार-बार कहने के बाद भी प्रशासन द्वारा इन छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़वाया जा रहा। उन्होंने कहा कि अमेरिका से डील की गई है उससे भारत का किसान बर्बाद हो जाएगा। किसान हित को देखते हुए इस डील को तुरंत वापस किया जाए। उन्होंने किसानों से स्मार्ट मीटर न लगवाने की अपील की। पंचायत की अध्यक्षता रोहतास सिंह ने की। संजीव बालियान, गंगाराम सिंह, तेजपाल सिंह, यासीन अली, जयपाल सिंह, समरपाल सिंह, धर्मेंद्र, महेंद्र सिंह, बाबू अली, ओंकार सिंह, हरसरन सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

